रविवार, 18 मई 2025

www.samagya.in
ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 35 |
| आर्द्रता | 64% |
| सूर्योदयः 4:56 | सूर्यास्तः 18:10 |



असम में करीब 1,500 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार -पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : हर मुश्किल के बाद एक नया रास्ता होता है, बस आपको हौसला रखना चाहिए।

# पाकिस्तान के बाद बांग्लादेश पर भारत का बड़ा एक्शन

## भारत ने कुछ बांग्लादेशी वस्तुओं के आयात पर बंदरगाह प्रतिबंध लगाया

**नयी दिल्ली :** भारत ने बांग्लादेश से पूर्वोत्तर क्षेत्र के जमीनी रास्तों से रेडिमेड कपड़ों, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे कुछ सामानों के आयात पर शनिवार को प्रतिबंध लगा दिए हैं। केवल न्हावा शेवा (जवाहरलाल नेहरू पोर्ट, नवी मुंबई) और कोलकाता समुद्री बंदरगाहों के माध्यम से आयात की अनुमति होगी।



वाणिज्य मंत्रालय के तहत कार्यरत विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। हालांकि, यह प्रतिबंध उन बांग्लादेशी सामानों पर लागू नहीं होगा जो भारत के रास्ते नेपाल और भूटान भेजे जाएंगे। इन परिवर्तनों के लिए देश की आयात नीति में एक नया पैराग्राफ जोड़ा गया है, जो बांग्लादेश से भारत में इन वस्तुओं के आयात को तत्काल प्रभाव से विनियमित करेगा। इससे पहले भारत ने बांग्लादेश को दी गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा नौ अप्रैल को वापस ले ली थी।

### भारत के रास्ते सामनों का निर्यात नहीं कर पाएगा बांग्लादेश

नेपाल तथा भूटान को छोड़कर अन्य देशों को बांग्लादेश भारत के रास्ते सामानों का निर्यात नहीं कर सकता। बताया जा रहा है कि यह निर्णय बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस द्वारा हाल ही में चीन में दिए गए विवादास्पद बयान के संदर्भ में लिया गया है। चीन में युनूस ने कहा था कि भारत के सात पूर्वोत्तर राज्य, जो बांग्लादेश के साथ लगभग 1,600 किमी की सीमा साझा करते हैं के पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है।

समुद्री रास्ते के लिए भारत के ये राज्य बांग्लादेश पर निर्भर हैं। युनूस ने यह भी कहा था कि बांग्लादेश इस क्षेत्र में हिंद महासागर का एकमात्र संरक्षक है। यूनुस ने चीन को बांग्लादेश के माध्यम से दुनियाभर में माल भेजने के लिए भी आमंत्रित किया था। युनूस के इस बड़बोलेपन को भारत ने बेहद गंभीरता से लिया।

### फलों, कपास समेत कई वस्तुएं एलसीएस और आईसीपी से नहीं आ सकेंगी

अधिसूचना में कहा गया है कि फलों, फलों के स्वाद या फ्लेवर वाले और कार्बोनेटेड पेय, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ (स्नैक्स, चिप्स और मिठाई), कपास और कपास के धागे का कचरा, प्लास्टिक और पीवीसी से तैयार सामान, रंग, और लकड़ी के फर्नीचर समेत बांग्लादेश से आयातित वस्तुओं को असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में किसी भी भूमि सीमा शुल्क स्टेशन (एलसीएस) और एकीकृत चेक पोस्ट (आइसीपी) के माध्यम से अनुमति नहीं दी जाएगी।

बंगाल में चांगराबंधा और फुलबाड़ी एलसीएस के माध्यम से भी आयात की अनुमति नहीं होगी। दोनों देशों के बीच व्यापार के लिए भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में 11 भूमि टांजिट केंद्र हैं। इनमें से तीन असम में, दो मेघालय में और छह त्रिपुरा में हैं। मछली, एलपीजी, खाद्य तेल और क्रश्ड स्टोन के आयात पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होंगे।

भारत ने इससे पहले बांग्लादेश पर कार्रवाई करते हुए ट्रांसशिपमेंट सुविधा वापस ली थी। बांग्लादेश को यह सुविधा जून 2020 में दी गई थी। इसके तहत बांग्लादेश दिल्ली हवाईअड्डे सहित कई भारतीय बंदर-गाहों और हवाईअड्डों का उपयोग करके अपने सामान को पश्चिम एशिया, यूरोप और कई अन्य देशों में भेज सकता था।

# हरियाणा की यूट्यूबर समेत छह लोग गिरफ्तार, पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हुई कार्रवाई

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की महिला यूट्यूबर और ब्लॉगर यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा समेत 6 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। ज्योति **'ट्रैवेल विथ जोई'** नाम से यूट्यूब चैनल चलाती है और उसपर संवेदनशील जानकारियां लीक करने और पाकिस्तान को भेजने का आरोप है। जांच में पता चला कि, ज्योति ने 2023 में पाकिस्तान की यात्रा की थी, जहां उसने पाकिस्तान हाई कमीशन के कर्मचारी दानिश से संपर्क स्थापित किया। दानिश ने उसे पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से मिलवाया, जिनके साथ उसने एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स के जरिए संपर्क बनाए रखा। इस मामले में पंजाब के मलेरकोटला की दो विध-वाओं समेत कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों पर भारतीय सैन्य ठिकानों और रणनीतिक स्थानों की जानकारी पाकिस्तान को भेजने का आरोप है। सुरक्षा सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी एजेंटों ने आरोपियों को भावनात्मक रूप से जोड़कर और पैसे की लालच देकर फंसाया। कुछ मामलों में शादी के झूठे वादे भी किए गए। सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है।



### पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा एजेंसिया हाई अलर्ट पर

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सुरक्षा एजेसियां हाई अलर्ट पर है। देशभर में छापेमारी हो रही है और देश विरोधी कार्यों में शामिल लोगों पर कार्रवाई की जी रही है। बता दें कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी।




# दिल्ली नगर निगम के 15 पार्षदों ने 'आप' से असंतुष्ट होकर बनाई नयी पार्टी



**नयी दिल्ली :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में आम आदमी पार्टी (आप) को झटका देते हुए 15 पार्षदों ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया तथा विकास कार्य ठप होने और आंतरिक असंतोष बढ़ने का हवाला देते हुए एक नया संगठन 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' बनाने की घोषणा की। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा इस दलबदल के पीछे है और उसके पार्षदों को "खरीद-फरोख्त अभियान" के तहत पांच-पांच करोड़ रुपये की पेशकश की गई थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि आप छोड़ने वाले पार्षदों ने स्वयं ही स्पष्ट कर दिया है कि वे पार्टी की नीतियों से तंग आ चुके थे, जिनसे विकास बाधित हुआ और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला। नयी पार्टी का नेतृत्व करने वाले वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "हमारे चुनाव के बाद से ढाई साल में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। पार्टी अंदरूनी कलह और आरोप-प्रत्यारोप में ही व्यस्त रही।" उन्होंने दावा किया कि पार्षदों को विकास कार्यों के लिए बजट नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि नये संगठन का उद्देश्य जन कल्याण और एमसीडी के सुचारू संचालन पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने कहा कि यह कदम नगर निकाय तक ही सीमित है और इसका उद्देश्य राज्य स्तरीय राजनीति नहीं है। आप पार्षदों के इस्तीफे और एक नए राजनीतिक दल के गठन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इससे आम आदमी पार्टी के भीतर भ्रष्टाचार और निरंकुश कार्यप्रणाली उजागर हो गई है। सिंह ने दावा किया कि आप के आंतरिक भ्रष्टाचार, जिसमें पार्षदों पर पार्टी नेताओं के लिए धन एकत्र करने का दबाव भी शामिल है, ने दिल्ली में सभी सार्थक विकास को रोक दिया है।

ऑपरेशन सिंदूर पर पाकिस्तान का कबूलनामा

# शहबाज शरीफ ने खुद बताया, भारत के हमले से कहां-कहां हुआ नुकसान

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खुलासा किया है कि पिछले शनिवार को सेना प्रमुख ने उन्हें तड़के जगाकर बताया था कि भारत ने मिसाइलों से राजधानी से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक एयरबेस तथा अन्य स्थानों पर हमला किया है। शरीफ की यह टिप्पणी पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सैन्य टकराव समाप्त करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सहमति बनने के एक सप्ताह बाद आई है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने 10 मई को इस्लामाबाद में सुबह करीब चार बजे जल्दबाजी में बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में बताया था कि नूर खान (चकलाला, रावलपिंडी), मुरीद (चकवाल) और रफीकी (शोरकोट) स्थित पाकिस्तानी एयरबेस को भारतीय मिसाइलों ने निशाना बनाया है। इनमें से नूर खान एयर बेस इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र से 25 किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। शरीफ शुक्रवार रात यहां अपनी सेना के सम्मान में 'यौम-ए-तशक्कुर' (धन्यवाद दिवस) मनाने के लिए आयोजित एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उन घटनाओं को याद किया, जिसके कारण पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की। प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, मुझे (शनिवार को) तड़के 2:30 बजे सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर का फोन आया, जिन्होंने मुझे बताया कि भारत ने अभी बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं और उनमें से एक नूर खान हवाई अड्डे पर गिरी तथा दूसरी किसी अन्य क्षेत्र में गिरी।



# शक्ति हो तो प्रेम की भाषा भी सुनती है दुनिया : मोहन भागवत

**जयपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि दुनिया प्रेम की भाषा तभी सुनती है जब देश शक्तिशाली हो। भागवत ने कहा कि भारत विश्व का सबसे प्राचीन देश है तथा उसकी भूमिका बड़े भाई की है और वह दुनिया में शांति और सौहार्द के लिए कार्य कर रहा है। आरएसएस प्रमुख ने शनिवार को जयपुर के हरमाड़ा स्थित रविनाथ आश्रम में आयोजित रविनाथ महाराज की पुण्यतिथि के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। यहां जारी एक बयान के अनुसार भागवत ने कहा, " भारत में त्याग की परंपरा रही है। भगवान श्रीराम से लेकर भामाशाह को हम पूजते और मानते हैं। विश्व को धर्म सिखाना भारत का कर्तव्य है लेकिन इसके लिए भी शक्ति की आवश्यकता होती है।" पाकिस्तान पर भारतीय सेना की हालिया कार्रवाई की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, "भारत किसी से द्वेष नहीं रखता लेकिन विश्व प्रेम और मंगल की भाषा भी तब ही सुनता है जब आपके पास शक्ति हो। यह दुनिया का स्वभाव है। इस स्वभाव को बदला नहीं जा सकता, इसलिए विश्व कल्याण के लिए हमें शक्ति संपन्न होने की आवश्यकता है। और हमारी ताकत विश्व ने देखी है।"



# इसमें कोई राजनीति नहीं है: 'ऑपरेशन सिंदूर' संबंधी प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व पर थरूर ने कहा

**तिरुवनंतपुरम :** आतंकवाद पर पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रुख रखने के लिए विदेश में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के केंद्र के निमंत्रण को स्वीकार करने के अपने फैसले पर कायम कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा, मुझे इसमें कोई राजनीति नहीं दिखती। साथ ही उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के लिए कांग्रेस द्वारा किसी नाम के सुझाव के बारे में जानकारी होने से इनकार करते हुए कहा कि यह पार्टी और केंद्र सरकार के बीच का मामला है। थरूर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने विदेश मामलों को संभालने के उनके पिछले अनुभव को देखते हुए हाल ही में उन्हें प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया और मैंने तुरंत सहमति दे दी। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद ने कहा, मुझे इसमें कोई राजनीति नहीं दिखती। मेरे अनुसार, जब हमारा एक राष्ट्र होता है तो राजनीति महत्वपूर्ण हो जाती है। हम सभी भारतीय हैं। जब राष्ट्र संकट में होता है और केंद्र सरकार किसी नागरिक की मदद मांगती है, तो आप इसके अलावा और क्या जवाब देंगे। उन्होंने आगे कहा कि सभी ने पाकिस्तान के साथ 88 घंटे तक चली लड़ाई देखी है और इसलिए, दुनिया हमारे बारे में क्या कह रही है, इसमें हम सभी की भूमिका होनी चाहिए। थरूर ने कहा, इसी भावना के साथ मैंने इस पर सहमति जताई। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस उनके निर्णय से नाखुश है और उसने प्रतिनिधिमंडल के लिए जिन लोगों के नाम सुझाए थे, उनके नाम क्यों जारी किए, थरूर ने कहा कि मीडिया को ये सवाल पार्टी से पूछना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि क्या पार्टी को उनके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने पर कोई आपत्ति है, तो उन्होंने कहा, आपको उनसे (कांग्रेस से) पूछना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जब उन्हें रीजीजू का फोन आया और प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया गया तो उन्होंने पार्टी को इसकी जानकारी दे दी थी।








## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 मई, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष पंचमी, 05:57 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 18:41 तक, योग : शुभा, 06:33 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:10, चन्द्रोदय : 23:09, चन्द्रास्त: 09:16, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 16:28 से 18:07

## साप्ताहिक : राशिफल 18-05-25 से 24-05-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण रहेगा। अनावश्यक भाग-दौड़ एवं तर्क-वितर्क से बचे नही तो चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। किसी से वाद-विवाद न करे नही तो किसी बात को लेकर परेशानी बढ़ सकती है। स्वास्थ्य आदि पर भी ध्यान बनाये रखे। छात्रों के लिए भी समय चुनौतिपूर्ण हो सकता है। पढ़ाई-लिखाई मे मन कम लग सकता है। स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे। व्यवसाय दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल नही है इसलिए पूंजी निवेश करने से भी बचे।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय चुनौतीपूर्ण रहेगा। घरेलू सुख-सुविधाओं में थोड़ी कमी आ सकती है। छोटी-छोटी बातों को लेकर घरेलू कलाह बढ़ सकता है। कई महत्वपूर्ण कार्य-योजनाओं का समय से पूरा न होने से जातक तनाव या परेशानी महसूस कर सकता है। सरकारी सेवा में भी लगे जातकों के लिए समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण रहेगा। आपसी कर्मचारियों से छोटी-छोटी बात को लेकर वाद-विवाद हो सकता है सावधानी बनाये रखे। प्रमोशन आदि समय से न होने पर जातक दबाव महसूस कर सकता है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय चुनौतीपूर्ण रहेगा अधिक बुद्धिमान एवं चालाक लोगों से सावधान रहें, नहीं तो वे जातक को किसी बड़ी परेशानी में उलझा सकते है। इस सप्ताह किसी को उधार आदि देने से बचें नहीं तो हानि का सामना जातक को करना पड़ सकता है। छात्रों का मन भी पढ़ाई-लिखाई में कम लग सकता है। किसी महत्वपूर्ण परीक्षा मे सफल न होने से जातक तनाव महसूस कर सकता है। इस सप्ताह घरेलू सुख-सुविधाओं में भी कमी आ सकती है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय मिला-जुला रहेगा। सप्ताह के प्रांरभ में स्थितियाँ अनुकूल हो सकती है। जातक के कई महत्वपूर्ण कार्य पटरी पर आ सकते है। जिसके कारण जातक राहत महसूस कर सकता है लेकिन सप्ताह के मध्य के बाद जातक के लिए थोड़ी चुनौतियाँ बढ़ सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे। जमीन-जायदाद या अचल संपत्ति खरीदने का योग बन सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए समय मिला-जुला रहेगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। सुख-सुविधाओं पर जातक अधिक खर्च कर सकता है। कई महत्वपूर्ण कार्यों को अनुकूल बनाने का प्रयास जातक कर सकता है। घूमने-फिरने की स्थितियाँ बन सकती है। वस्त्र एवं अभूषण पर जातक अधिक खर्च कर सकता है। अधिक खर्च होने से जातक की आर्थिक स्थितियाँ प्रभावित हो सकती है। जिसके कारण जातक के लिए मानसिक तनाव की स्थिति भी बन सकती है यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो तो सूर्य को जल देने से स्थितियाँ अनुकूल हो सकती है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। भाग-दौड़ की अधिकता हो सकती है। कई कार्यों के समय से पूरा न होने से जातक थोड़ी चुनौतियाँ महसूस कर सकता है लेकिन कुछ बड़े एवं महत्वपूर्ण कार्यों के पूरे हो जाने से जातक राहत महसूस कर सकता है। इस सप्ताह छात्रों के लिए समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। कभी-कभी पढ़ाई-लिखाई में मन लग सकता है और कभी नही भी लग सकता है। इस सप्ताह व्यापार आदि के क्षेत्र में चुनौतियाँ आदि भी बनी रह सकती है इसलिए बाजार एवं शेयर मार्कट में पूंजी सोच-समझकर निवेश करें।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। कई महत्वपूर्ण कार्य-योजनाओं को नई दिशा देने में जातक को सफलता मिल सकती है। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। घर में कोई मांगलिक कार्य संपन्न हो सकता है। निरंतर सक्रियता और सूझ-बूझ के कारण जातक अपने कार्यों का विस्तार कर सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय मिला-जुला रहेगा।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक अपना महत्व बढ़ाने में सफल हो सकता है। समाज सेवा या राजनीति में लगे जातकों से लिए समय अनुकूल है। जातक की लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है। सरकारी सेवा मे लगे जातकों के लिए समय लगभग अनुकूल है। प्रमोशन या किसी बड़े पद पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है। व्यापार आदि की दृष्टि से समय अनुकूल है। पूंजी निवेश करने पर बड़े लाभ की स्थितियाँ बन सकती है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। जहाँ एक तरफ गुरू का अपने घर को देखने के कारण जातक का महत्व बढ़ सकता है। पूराने समय से चली आ रही परेशानियाँ भी कम हो सकती है। कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में थोड़ी बहुत परेशानियों के साथ जातक को सफलता भी मिल सकती है। किसी सभा-सोसाइटी में भाग लेने या वर्तालाप करने का अवसर जातक को मिल सकता है। जातक अपनी सूझ-बूझ से आर्थिक स्थितियों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। मंगल की उच्च दृष्टि के कारण जातक ऊर्जावान बना रहेगा लेकिन कई तरह की कार्य-योजनाये जातक को तनाव या दबाव दे सकती है। जिसके कारण जातक दबाव महसूस कर सकता है लेकिन जमीन-जयदाद एवं खेती-बारी से जुड़े जातकों के लिए समय अनुकूल है। खिलाड़ियों के लिए भी समय अनुकूल है थोड़ी परेशानी और चुनौतियों के साथ बड़ी सफलता मिल सकती है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। शनि की उतरती शाढ़े-शाती के कारण जातक की सक्रियता बढ़ सकती है। आर्थिक स्थितियों का विस्तार हो सकता है। कई महत्वपूर्ण कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में जातक को सफलता मिल सकती है। ठेकेदारी एवं निर्माण कार्यों में लगे जातक का समय अनुकूल है आर्थिक स्थितियाँ मजबूत हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक हो सकती है लेकिन यह भाग-दौड़ अनुकूल कार्यों में होने के कारण जातक निरंतर सक्रिय बना रह सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। जहाँ एक तरफ घरेलू सुख-सुविधाओं में अधिक पैसा खर्च हो सकता है। वही राहु, केतु के कारण आर्थिक परेशानियाँ भी बढ़ सकती है। निरोधी एवं प्रतिस्पर्धी जातक के लिए चुनौतियाँ खड़ी कर सकते है लेकिन जातक अपनी सूझ-बूझ से स्थितियों को संभालने में सफल हो सकता है। इस सप्ताह घूमने-फिरने के साथ प्रेम संबंधों में भी प्रगाढ़ता आ सकती है। एक-दूसरे के प्रति लगाव बढ़ सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह मिला-जुला रहेगा इसलिए सोच-समझकर पूंजी निवेश करें।

# उत्तर प्रदेश के जंगलों में शुरू हो चुकी है विस्टाडोम ट्रेन सेवा



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश में इको टूरिज्म और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से दुधवा बाघ अभयारण्य तक रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली पर्यटक ट्रेन में विस्टाडोम कोच का संचालन शुरू कर दिया है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गयी। बयान में दावा किया गया है कि उप्र देश का पहला ऐसा प्रदेश बन गया है, जहां पर्यटकों के लिए जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए विस्टाडोम कोच की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। यह सेवा पर्यटकों के लिए 12 महीने उपलब्ध रहेगी। फिलहाल यह सेवा वर्तमान में शनिवार और रविवार ही पर्यटकों को उपलब्ध करायी जा रही है, लेकिन आने वाले दिनों में यह सेवा सभी दिन उपलब्ध होगी। इससे जहां एक ओर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं रोजगार भी उपलब्ध होंगे। पर्यटन विभाग के निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के वन क्षेत्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, कतर्नियाघाट और किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य को एकीकृत करते हुए पर्यटकों के लिए सुलभ और रोमांचक अनुभव देने के लिए विस्टाडोम कोच का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा पर्यटकों को वर्ष भर नेचर ट्रेल और जंगल सफारी का अद्वितीय अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। यह सुविधा पहले चरण में प्रत्येक शनिवार और रविवार को उपलब्ध कराई जा रही है। इस सेवा के सकारात्मक परिणामों के पश्चात इसे पूरे सप्ताह के लिए विस्तारित करने की योजना है। विस्टाडोम कोच के माध्यम से पर्यटक 107 किलोमीटर लंबे जंगल के भीतर सफर करते हुए प्राकृतिक दृश्यावली, जैव विविधता और वन्यजीवों का नजदीक से अनुभव ले सकेंगे। यह सफर चार घंटे 25 मिनट का है। वहीं ट्रेन सेवा काफी किफायती भी है।

## यूपी: सरकार ने 'लू' से बचाव के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी और 'लू' के प्रकोप को देखते हुए राज्य सरकार ने बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं और लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी गयी है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मौसम विभाग ने कई जिलों में अगले कुछ दिनों तक लू चलने की चेतावनी दी है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत विभाग और स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। मुख्यमंत्री ने विभाग को प्रदेशवासियों को सतर्क करने एवं लू से बचाव संबंधी सुझाव देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता को जागरुक करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें भीषण गर्मी और लू से बचाव संबंधी सुझाव दिये गये हैं। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के हवाले से बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में विभाग की ओर से सभी प्रदेशवासियों को लू लगने से बचाव के लिए कई जरूरी सुझाव दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेशवासियों को सलाह दी गई है कि बाहर निकलते समय शरीर को ढक कर रखें, हल्के रंग के आरामदायक कपड़े पहनें और धूप में छाता या चश्मा जरूर लगाएं। लगातार तरल पदार्थों का सेवन करते रहें जैसे नींबू पानी, शिकंजी, नारियल पानी आदि। घरों और कार्यस्थलों पर पर्दों या शेड का प्रबंध करें ताकि सीधे सूर्य की किरणें अंदर न आएं। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। वहीं, दूसरी ओर यह चेतावनी भी दी है कि दोपहर 12 से शाम चार बजे के बीच अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचें। खाली पेट, अधिक प्रोटीन या बासी भोजन का सेवन न करें। धूप में खड़ी गाड़ियों में बच्चों या जानवरों को अकेला न छोड़ें। शराब, चाय, कॉफी, कार्बोनेटेड ड्रिंक आदि का अधिक सेवन न करें। स्वास्थ्य विभाग ने लू से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को भी पोस्टरों के माध्यम से साझा किया है।

### मथुरा में पड़ोसी की दीवार के मलबे में दबकर एक साल की बच्ची की मौत

**मथुरा :** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के कस्बा मांट में शनिवार को ईदगाह बस्ती में पक्के मकान की एक दीवार गिर जाने से उसके मलबे में दबकर एक बच्ची की मौत हो गई जबकि उसकी मां और एक अन्य बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को इलाज के लिए आगरा भेजा गया है। मांट की पुलिस उपाधीक्षक गुंजन सिंह ने बताया कि मांट में ईदगाह बस्ती में शनिवार को एक व्यक्ति के मकान की पक्की दीवार गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से उसके पड़ोसी की एक साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी मां सहित दूसरी बेटी घायल हो गई। उन्होंने बताया कि घायलों को मलबे से निकालने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें आगरा भेज दिया गया है। पुलिस ने मृत बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि मृत बच्ची गुनगुन का पिता संजय मूलत: दिल्ली के कल्याणपुरी का रहने वाला है। हाल ही में संजय ईदगाह बस्ती, मांट मूला गांव में किराए पर रह रहा है। वह दो साल पहले ही यहां आया था तथा जूते पॉलिश कर परिवार का भरण-पोषण करता है। हादसे में घायल हुई संजय की पत्नी सीमा और दूसरी बेटी खुशबू को इलाज के लिए आगरा भेजा गया है।

## मतदाता सूची एक जीवंत दस्तावेज है जिसे निरंतर अद्यतन किया जाना चाहिए : निर्वाचन आयुक्त

**मोतिहारी/बेतिया :** निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को एक जीवंत दस्तावेज बताते हुए इसको निरंतर अद्यतन किये जाने की वकालत की है तथा शनिवार को अधिकारियों से मृत मतदाताओं के नाम त्वरित रूप से हटाने के लिये कहा। निर्वाचन आयुक्त विवेक जोशी ने बिहार के पूर्वी एवं पश्चिम चंपारण जिलों के दौरे के दौरान अधिकाारियों को यह निर्देश दिया। जोशी इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए चार दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को राज्य पहुंचे। एक बयान में कहा गया कि दिन में उन्होंने पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में प्रथम स्तरीय जांच केंद्र का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने ईवीएम और वीवीपैट जांच प्रक्रिया की बारीकी से जांच की। इसमें कहा गया है कि उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड के अभियंताओं से बातचीत की, तकीनीकी प्रक्रियाओं की समीक्षा की और निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का समुचित तरीके से पालन करने के लिये कुछ आवश्यक और सख्त निर्देश दिये । मतदाता सूची की शुचिता को शीर्ष प्राथमिकता देने पर बल देते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों को मृत मतदाताओं के नाम तुरंत हटाने के निर्देश दिए। बयान के अनुसार, उन्होंने कहा कि मतदाता सूची एक जीवंत दस्तावेज है जिसे समयबद्ध तरीके से लगातार अद्यतन किया जाना चाहिए और यह जिम्मेदारी प्रत्येक चुनाव अधिकारी की है। बाद में, जोशी ने चुनाव तैयारियों की स्थिति का आकलन करने के लिए पश्चिम चंपारण के बेतिया में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने वन क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## झारखंड में रविवार को तेज हवाओं के साथ तूफान की संभावना

**रांची :** झारखंड के अधिकतर हिस्सों में रविवार को तेज हवाओं के साथ तूफान का पूर्वानुमान जताया गया है। मौसम बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। मौसम विभाग ने कहा कि 18 मई को राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर-पूर्वी भागों के करीब 20 जिलों में आंधी और 60 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति की तेज हवाएं चलने का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उपनिदेशक अभिषेक आनंद ने शनिवार को कहा, ''शनिवार से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।'' मौसम बुलेटिन में कहा गया कि 21 मई तक राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। विभाग के अनुसार मौसम में आए इस बदलाव के कारण अगले दो दिन में अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। झारखंड में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा, शुक्रवार को डालटनगंज में सबसे अधिक 42.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। गोड्डा, गढ़वा और सरायकेला में तापमान क्रमशः 41.7, 41.5 और 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

## तेजस्वी को लेकर कोई किंतु-परंतु नहीं, हम 50 सीट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक: भाकपा (माले) सांसद

**नयी दिल्ली :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के सांसद सुदामा प्रसाद ने शनिवार को कहा कि बिहार में महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए तेजस्वी यादव के नाम को लेकर कोई किंतु-परंतु और भ्रम की स्थिति नहीं है, लेकिन चुनाव से पहले चेहरा घोषित करने के बारे में फैसला घटक दलों के शीर्ष नेता करेंगे। बिहार के आरा से लोकसभा सदस्य ने 'पीटीआई भाषा' के साथ बातचीत में यह भी कहा कि उनकी पार्टी इस बार 50 सीट पर चुनाव लड़ने की इच्छुक है और यदि ऐसा होता है तो महागठबंधन के सरकार बनाने की काफी संभावना रहेगी। साथ ही, उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर किसी तरह का विवाद और विरोधाभास नहीं है क्योंकि सबकी प्राथमिकता भाजपा और उसके गठबंधन को हराने की है। बिहार विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर-नवंबर होने की संभावना है। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में भाकपा (माले) लिबरेशन 19 सीट पर चुनाव लड़ी थी और 12 पर जीत हासिल की थी। बिहार में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के गठजोड़ को महागठबंधन के नाम से जाना जाता है। इस गठबंधन में वाम दलों के साथ ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) शामिल हैं। यह पूछे जाने पर कि भाकपा (माले) लिबरेशन कितनी सीट पर चुनाव लड़ेगी, तो सुदामा प्रसाद ने कहा, राजद के समर्थक वर्ग और आम लोगों के बीच चर्चा है कि यदि 2020 में भाकपा माले को चुनाव लड़ने के लिए 10 -15 सीट अधिक मिल गई होतीं तो महागठबंधन से कि सरकार बन जाती।

## प्रधानमंत्री 29 मई को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आएंगे: भाजपा

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में दो दिवसीय दौरे पर बिहार आएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं का आरंभ करेंगे और एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के नेताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए यह दौरा महत्वपूर्ण है। उपमुख्यमंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के अनुसार, प्रधानमंत्री 29 मई को बिहार आएंगे और पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शाहाबाद क्षेत्र के लोगों को बेहतर संपर्क प्रदान करने के लिए पटना-सासाराम चार लेन सड़क की आधारशिला रखेंगे। पटना-सासाराम चार लेन सड़क परियोजना में भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर शामिल हैं। भाजपा की बिहार इकाई के प्रमुख दिलीप जायसवाल ने संवाददाताओं से कहा, ''मोदी 30 मई को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे और कई परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे।'' मोदी ने पिछले महीने मधुबनी जिले का दौरा किया था, जहां उन्होंने पहलगाम हमले के जवाब में सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ एक कड़ा संदेश दिया था।

### राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले की सुनवाई टली

**सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर की एक विशेष अदालत ने नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ जारी मानहानि मामले की सुनवाई शनिवार को अधिवक्ताओं की विधिक कार्यशाला के कारण स्थगित कर दी। सुलतानपुर की सांसद-विधायक (एमपी/एमएलए) अदालत ने मामले की सुनवाई दो जून के लिए निर्धारित कर दी। मामले की पिछली सुनवाई 28 अप्रैल को हुई थी। वादी विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने शनिवार को बताया कि अधिवक्ताओं की विधिक कार्यशाला के कारण सभी अधिवक्ता कार्य से विरत रहे, जिसके कारण सुनवाई टल गई। पिछली सुनवाई में पांडेय ने मामले के संबंध में कोतवाली देहात के पिताम्बरपुर कला गांव के निवासी अनिल मिश्रा को अदालत में बतौर गवाह पेश किया था, जिनसे राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने जिरह की थी लेकिन जिरह पूर्ण नहीं होने पर विशेष न्यायधीश ने 17 मई के लिए सुनवाई तय की थी।

## राजस्थान में भीषण गर्मी, गंगानगर में पारा 46 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा



**जयपुर :** राजस्थान में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है जहां शनिवार को गंगानगर में अधिकतम तापमान 46.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार राज्य में गर्मी का दौर अभी जारी रहेगा। इसके अनुसार शनिवार को राज्य में मौसम शुष्क रहा और पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं भीषण गर्मी और उष्ण लहर दर्ज की गई। दिन में अधिकतम तापमान गंगानगर में 46 डिग्री सेल्सियस, चूरू में 45.4 डिग्री, फलोदी में 45.0 डिग्री, कोटा व बीकानेर में 43.8 डिग्री, जैसलमेर में 43.7 डिग्री, जयपुर में 43.2 डिग्री, अलवर, झुंझुनू व बाड़मेर में 43.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो से तीन दिन जोधपुर, बीकानेर संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों में तेज धूल भरी हवाएं चलने का अनुमान है। इसी तरह बीकानेर, श्रीगंगानगर जिलों में 20 मई तक अधिकतम तापमान 45-46 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने व कहीं-कहीं लू चलने और शेष अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं राज्य के उत्तरी भागों में 19 और 20 मई को कुछ स्थानों पर दोपहर बाद हल्की बारिश होने का अनुमान है।

## कोविड के दौरान नीतीश सरकार की असंवेदनशीलता के कारण मैं राजनीति में आया: प्रशांत किशोर



**पटना :** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने दावा किया है कि कोविड-19 महामारी के दौरान बिहार में नीतीश कुमार सरकार की कथित असंवेदनशीलता ने उन्हें अपने गृह राज्य में राजनीति में उतरने के लिए प्रेरित किया। प्रशांत किशोर ने उन आरोपों को भी खारिज किया है कि उन्होंने सत्ता का आनंद लेने के लिए अपनी खुद की पार्टी बनाई है, जो राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। किशोर ने एक पॉडकास्ट में कहा, ''मैंने 2015 के विधानसभा चुनाव में बिहार में महागठबंधन को एक बड़ी जीत दिलाने में मदद की थी। अगर मैं अपने लिए कोई पद चाहता तो मैं वह उसी समय पा सकता था।'' किशोर (47) की परामर्श कंसल्टेंसी फर्म आईपीएसी नरेन्द्र मोदी, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल जैसे विविध नेताओं के प्रचार अभियान को संभालने का दावा करती है। उन्होंने कहा कि ''लोगों को सितारों की अपील के कारण फिल्म देखने की अपेक्षा नेता के लिए वोट देते समय अधिक सावधान रहना चाहिए।'' जन सुराज पार्टी के संस्थापक किशोर ने कहा, ''चुनाव में बहुत कुछ दांव पर लगा होता है...लोग अक्सर कहते हैं कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर वोट देंगे, क्योंकि वे सही काम करते हुए दिखना चाहते हैं। लेकिन वे जाति और धर्म के बहकावे में आ जाते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैंने अपने गृह राज्य बिहार की सेवा करने का मन तब बनाया जब मैंने वैश्विक कोविड महामारी के दौरान यहां सरकार की असंवेदनशीलता देखी। जरा सोचिए, दूसरे राज्यों में बिहारी प्रवासियों को भगाया जा रहा था और उन्हें घर लौटने के लिए हजारों किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा था।'' किशोर ने कहा कि उन्होंने 2021 के पश्चिम बंगाल चुनावों के बाद फैसला किया था कि वह अब चुनाव प्रचार प्रबंधन में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा, ''कुछ सोच-विचार के बाद मैंने अपनी खुद की पार्टी बनायी।''

## वर्ग पहेली नं. 3095

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | 13 | |
| | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | 19 | |
| ■ | | ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ |
| 23 | | 24 | | ■ | 25 | ■ | | ■ | 26 |
| | ■ | | ■ | 27 | | | | ■ | |
| 28 | | | | | | ■ | 29 | | |

*बायें से दायें:-* 1) बड़ाई, 3) हर ओर, 6) कार्ल मार्क्स का प्रसिद्ध सिद्धांत; *कम्यूनिज़्म*, 8) गुच्छा, 10) संख्या, 11) भरना, 13) कुल, 14) मूल्य का अनुपात; रेट, 15) सैलाब, 16) खरहा, 18) आहुति; युद्धमृत्यु, 19) नुस्ख़ा; ज़ुगत, 20) अड़ियल, 21) एक पशु, 23) क़ब्र पर बनी इमारत, 27) वह शिशु अथवा जीव जो खेड़ी में लिपटा हुआ पैदा हो, 28) प्रभावशील; चिड़चिड़ा, 29) तथ्यात्मक.

*ऊपर से नीचे:-* 2) दंगा, 3) मानसिक आघात, 4) पीड़ित; चिंतित, 5) गूँगा और बहरा 7) दिन, 9) सिर्फ़, 10) दिनांक, 12) अवयस्क, 14) एक त्योहार, 17) पहरेदार, 19) गुफा, 22) अर्जुन, 23) बलपूर्वक आरोप लगाना 24) ज़ल्लाद, 25) पदचिन्ह; निशानी, 26) शक्तिशाली, 27) जोड़ फल. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | वा | ह | ■ | आ | ■ | गु | ट | खा | ■ |
| ज्ञा | ■ | वा | ता | व | र | ण | ■ | ता | ब |
| प | ढ़ा | ई | ■ | भा | ■ | ■ | ग | ■ | या |
| न | ■ | ज | ■ | ग | द | ह | प | ची | सी |
| ■ | म | हा | व | त | ■ | ■ | श | र | ■ |
| म | ग | ज़ | ■ | ■ | क | ल | प | ■ | आ |
| त | र | ■ | ह | ल | च | ल | ■ | च | ना |
| भे | ■ | दं | ■ | गा | ■ | ना | य | क | ■ |
| द | ह | श | त | ना | क | ■ | दि | मा | ग़ |

## सुडोकू-पहेली-3052

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 2 | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | 5 | | | 9 | | 1 | 8 | |
| | 8 | 1 | 2 | | | | | 6 |
| | | | 4 | | | 9 | | |
| | | | | 6 | | 7 | | |
| | 1 | | | | 2 | 4 | | |
| | 2 | | 7 | | | | 9 | |
| | | 3 | | 8 | | | 7 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3051 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 2 | 4 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 2 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 2 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 |
| 5 | 8 | 3 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 2 | 4 | 5 | 8 | 9 | 6 | 3 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 3 | 1 | 5 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 5 | 1 | 9 | 2 | 7 | 8 | 3 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 |

# नलबन में युवक की गला रेत कर हत्या, अवैध संबंध के चलते हत्या की आशंका, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना के केएलसी थाना क्षेत्र अंतर्गत नलबन समवाय समिति वेरि के दक्षिण-पश्चिम किनारे शनिवार सुबह एक व्यक्ति का रक्तरंजित शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 36 वर्षीय राजा मंडल उर्फ बाबाई के रूप में हुई है, जो पंचान्नग्राम, नोनाडांगा का निवासी था और एक स्थानीय होटल 'गीता कैफे' में कार्यरत था।



शनिवार सुबह करीब 8 बजे श्यामपुर थाना पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी थी कि नालबन इलाके में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राजा मंडल का शव घास पर पड़ा पाया। जांच के दौरान उसके गले पर धारदार हथियार से वार किए जाने के गहरे निशान मिले, साथ ही उसके बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर एक रक्षात्मक घाव भी पाया गया, जो इस बात का संकेत देता है कि हत्या से पहले उसने खुद को बचाने की कोशिश की थी।

उसके शरीर पर भूरे रंग की पैंट, नारंगी रंग का कमरबंद और नीले, काले, सफेद धारियों वाली टी-शर्ट थी। चप्पलें उसके सिर के नीचे रखी हुई थीं। तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक रुमाल, कुछ कागजात वाला बटुआ और बीड़ी का पैकेट बरामद हुआ, लेकिन कोई पैसे नहीं मिले।

घटनास्थल से खून और खून से सनी उसकी निजी वस्तुएं जब्त की गईं। शव की पहचान गीता कैफे के मालिक सत्यजीत मंडल ने की, जिनके अनुसार राजा मंडल जनवरी 2025 से उनके होटल में काम कर रहा था और केएलसी थाने में दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक खाने की आपूर्ति करता था। वह रात को भी होटल में ही रहता था।

पुलिस जांच में सामने आया कि राजा मंडल की पत्नी छह महीने पहले उसे छोड़कर चली गई थी। 16 मई को सुबह करीब 11:30 बजे राजा होटल से स्थानीय व्यक्ति सन्यासी दोलुई के साथ निकला था, जो उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध रखता था।

पुलिस को संदेह है कि इसी कारण हत्या की गई। जानकारी मिली है कि हत्या के बाद सन्यासी दोलुई ने स्थानीय निवासी के समक्ष अपना अपराध कबूल भी कर लिया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है।

केएलसी थाना पुलिस ने इस संबंध में खुद से (सुओ मोटो) मामला दर्ज कर लिया है।

## चुनाव कार्य में गड़बड़ी, काकद्वीप के सरकारी अधिकारी निलंबित

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप विधानसभा क्षेत्र में चुनावी कार्य के दौरान अनियमितता के आरोप में एक सरकारी अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने जिलाशासक द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की है। आरोपी अधिकारी का नाम अरुण गड़ाई बताया गया है।

आरोप है कि काकद्वीप विधानसभा क्षेत्र के जॉइंट बीडीओ के अकाउंट में अरुण गड़ाई ने अपने निजी मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया और चुनावी प्रक्रिया में कई फॉर्म और सूचनाओं में अनैतिक तरीके से बदलाव किया। रिपोर्ट सामने आने के बाद ही आयोग ने तत्काल उन्हें निलंबित कर दिया और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक, यह कोई पहली बार नहीं है जब अरुण गड़ाई के खिलाफ अनियमितता के आरोप लगे हों। इससे पहले भी उनके खिलाफ कई बार भ्रष्टाचार और गड़बड़ी की शिकायतें मिली थीं, लेकिन इस बार कार्रवाई की गई है।

चुनाव आयोग के इस निर्णय को लेकर राजनीतिक हलकों में जोरदार प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। विपक्ष ने इस घटना को लेकर प्रशासन पर सवाल उठाए हैं, वहीं सत्ताधारी पक्ष ने निष्पक्ष कार्रवाई का समर्थन किया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए ऐसे कदम जरूरी हैं।

## बागबाजार में निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत में मिली अधजली लाश

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के श्यामपुकुर थाना अंतर्गत बागबाजार इलाके में एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत में एक व्यक्ति की अधजली लाश मिली। उक्त घटना से हड़कंप मच गया है। यह रहस्य बना हुआ है कि क्या उक्त व्यक्ति की मौत इमारत में हुई है या फिर नहीं तो शव उस ऊंची इमारत में कैसे पहुंचा? पुलिस सूत्रों के अनुसार, व्यक्ति के शरीर के विभिन्न हिस्सों पर जलने के निशान हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शनिवार की सुबह करीब 9.25 बजे निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत के केयरटेकर ने शव देखा। उन्होंने बहुमंजिला इमारत के प्रमोटर और अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी। घटना की सूचना श्यामपुकुर थाने को दी गई।



पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उसका शव तहखाने में कैसे पहुंचा। उनके अनुसार, किसी ने शव को कहीं और से लाकर उस अधूरी बहुमंजिला इमारत में फेंक दिया। यह घटना रात के अंधेरे में घटी। क्योंकि रात में उस निर्माणाधीन ऊंची इमारत में कोई नहीं रहता। केयरटेकर भी दरवाजा बंद करके चला गया। दावा किया जा रहा है कि मौका पाकर शव को फेंक दिया गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। जांचकर्ता मृतक की पहचान का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रारंभिक अनुमान यह है कि व्यक्ति की हत्या की गई होगी। हालांकि, यह पता नहीं चल पाया है कि उनकी हत्या कैसे हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## फोन हैकिंग के समाधान के नाम पर कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म, फर्जी पुलिस अधिकारी को आजीवन कारावास

**❑ बारासात की एक अदालत ने सुनाया फैसला, आरोपी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर समस्या सुलझाने के बहाने छात्रा से दुष्कर्म करने के मामले में बारासात की एक अदालत ने आरोपी युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। शनिवार को न्यायाधीश ने बहार अली नामक युवक को तीन साल पुरानी घटना के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और 419 के तहत सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। इस फैसले से कॉलेज छात्रा और उसके परिवार को राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि मई 2022 में, एक कॉलेज छात्रा का फोन हैक हो गया था और उसके पिता ने मध्यमग्राम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। वहां से छात्रा को हैक किए गए फोन को पुनः प्राप्त करने के लिए एक निश्चित 'विक्रम बाबू' के पास जाने की सलाह दी गई थी। हालांकि, इससे पहले आरोपी ने छात्रा के पिता को फोन कर अपना नाम विक्रम बताया। इसके बाद, उसने छात्रा और उसके पिता को पुलिस थाने के पास कीर्तिपुर पंचायत में मिलने को कहा। तदनुसार, छात्रा फोन लेकर कृष्णमती क्षेत्र में पहुंची। फिर 'बिक्रम' ने फोन ले लिया और छात्रा के पिता को दूसरे काम पर भेज दिया। फिर, आरोपी ने फोन चैट डिलीट करने की धमकी देकर छात्रा को नग्न होने के लिए मजबूर किया। फिर, उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही, आरोपी ने छात्रा को धमकी दी कि अगर उसने पुलिस में दुष्कर्म की शिकायत की तो वह वीडियो वायरल कर देगा। पहले तो छात्रा ने डर के कारण किसी को कुछ नहीं बताया। लेकिन, बाद में, विक्रम नाम के युवक ने छात्रा को अश्लील वीडियो भेजकर दोबारा बुलाया। खतरे को भांपते हुए छात्रा ने तुरंत मध्यमग्राम थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटना की जांच के एक सप्ताह के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पता चला कि आरोपी का असली नाम बहार अली है। उसके खिलाफ दुष्कर्म और पुलिस के समक्ष गलत पहचान बताने के आरोप में मामला दर्ज किया गया। तीन साल बाद, बारासात अदालत के न्यायाधीश ने बहार अली को दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



## टैंगरा कांड में आरोपी प्रणय दे गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल हिरासत में



**कोलकाता :** टैंगरा थाना कांड के सिलसिले में पुलिस ने शनिवार को प्रणय दे (44 वर्ष), एनआरएस अस्पताल से गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से एक सड़क दुर्घटना के बाद अस्पताल में भर्ती था और इलाज के बाद जैसे ही उसे छुट्टी मिली, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रणय का पता 12/उ, अटल सूर रोड है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसका बयान दर्ज किया और उसकी निशानदेही पर उसके आवास पर तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की गई, जो कि इस मामले में प्राथमिक घटनास्थल है। पुलिस ने उसे शनिवार को सीलदह के माननीय एसीजेएम न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे 30 मई 2025 तक जेल हिरासत में भेज दिया गया। साथ ही, कोर्ट ने प्रेसिडेंसी करेक्शनल होम के अधीक्षक को निर्देश दिया है कि आरोपी को जेल में भी आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## नीति आयोग की बैठक में ममता बनर्जी की उपस्थिति पर संशय

**कोलकाता, समाज्ञा :** पीएम मोदी की अध्यक्षता में 24 मई को होने जा रही नीति आयोग की अहम बैठक को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उपस्थिति अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। राज्य मंत्रिमंडल के एक वरिष्ठ सदस्य ने पुष्टि की है कि मुख्यमंत्री ने न तो कैबिनेट में और न ही पार्टी के भीतर इस विषय पर कोई स्पष्ट संकेत दिया है कि वह बैठक में स्वयं भाग लेंगी या किसी प्रतिनिधि को भेजेंगी। वरिष्ठ मंत्री ने कहा कि वह सही समय पर इस बारे में सबको सूचित करेंगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 24 मई को मुख्यमंत्री का राज्य में कोई पूर्व निर्धारित कार्यक्रम नहीं है। गौरतलब है कि पिछले साल 27 जुलाई को हुई नीति आयोग की बैठक के दौरान ममता बनर्जी ने बीच बैठक से यह आरोप लगाते हुए वॉकआउट कर दिया था कि उनका माइक बंद कर दिया गया था और उन्हें केवल पांच मिनट बोलने का समय दिया गया, जबकि अन्य प्रतिनिधियों को 10 से 20 मिनट तक वक्तव्य रखने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने इसे आयोजकों की ओर से भेदभाव करार दिया था। हालांकि, केंद्र सरकार ने उस समय प्रेस सूचना ब्यूरो के तथ्य जांच प्रकोष्ठ के माध्यम से इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री के बोलने का समय समाप्त हो गया था और निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया था। पीआईबी ने यह भी स्पष्ट किया था कि घंटी भी नहीं बजी थी, जिससे यह साबित होता है कि उनका समय पूरा हो चुका था। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ममता बनर्जी आगामी 24 मई की बैठक में भाग लेती हैं या नहीं, और यदि नहीं, तो उसके पीछे क्या राजनीतिक संकेत छिपे हैं।

## ईडी ने सरकारी बैंक के सेवानिवृत्त सीएमडी को किया गिरफ्तार

**❑ एक सीमेंट और स्टील निर्माण कंपनी को बिना जरूरी दस्तावेजों के 1400 करोड़ का लोन दिलाने का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अवैध रूप से बड़ी मात्रा में ऋण दिलाने के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक सरकारी बैंक के सेवानिवृत्त सीएमडी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सुबोध कुमार गोयल है। पता चला है कि ईडी ने उसे शुक्रवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया। शनिवार को उसे कोलकाता लाया गया और अदालत में पेश किया गया। कथित तौर पर, एक स्टील और सीमेंट निर्माण कंपनी के प्रमुख संजय सुरेखा को लगभग 1,400 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया था।




ऋण देते समय आवश्यक दस्तावेजों और कागजी कार्रवाई की जांच भी नहीं की गई थी। सरकारी बैंक के सेवानिवृत्त सीएमडी सुबोध कुमार गोयल को अवैध रूप से इतनी बड़ी राशि का ऋण उपलब्ध कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ईडी का दावा है कि उन्होंने ऋण वितरित करते समय पालन किए जाने वाले न्यूनतम नियमों का पालन नहीं किया। ईडी की जांच में पता चला कि सीमेंट और स्टील निर्माण कंपनियों को 1,400 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया था। लेकिन उस कंपनी के प्रमुख ने कई गुमनाम कंपनियां खोलीं और उस पैसे को इधर-उधर कर दिया। तत्कालीन, सीएमडी को पूरा मामला पता था। उन्हें सीएमडी बनने के बदले में भारी धनराशि मिलने का भी लाभ मिला। मामला प्रकाश में आते ही रिटायर्ड सीएमडी ईडी के जाल में फंस गए। जांच एजेंसी ने उसे अदालत में पेश करने और अपनी हिरासत में लेने को कहा है। पूछताछ के जरिए यह पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि इस धोखाधड़ी में और कौन-कौन शामिल है।

## एजेसी बोस रोड पर बहुमंजिली इमारत में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर कोलकाता में फिर अगलगी की एक घटना से हड़कंप मच गया। पुलिस दमकल व स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना शनिवार की दोपहर को बेक बागान क्षेत्र में स्थित 224, आचार्य जगदीश चंद्र बोस रोड की है। जहां स्थित एक बहुमंजिली इमारत में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और एजेसी बोस फ्लाईओवर से पानी की बौछारों के जरिए आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की गई। खबर मिलते ही कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम स्वयं मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। दमकल कर्मियों ने बताया कि आग इतनी भयावह थी कि आसपास के ऑफिसों की खिड़कियां खोलकर वहां से भी पानी फेंकने की कोशिश की गई। वहीं, इमारत के अंदर भी प्रवेश कर आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। इमारत की निचली मंजिलों से लोगों को हटाया जा गया और अतिरिक्त दमकल इंजनों को मौके पर बुलाया गया। अग्निकांड की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है। दमकल विभाग और नगर निगम के अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं। बहरहाल, प्राथमिक तौर पर माना जा रहा है कि अगलगी की घटना शार्ट सर्किट के कारण लगी है।



**पश्चिम मध्य रेल**

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभि. (ब्रिज लाईन) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा ब्रिज लाईन कोटा के लिए आमंत्रित है: **क्र.सं.**01, **टेन्डर संख्या:** डीवाई-सीई-ब्रिज एल-कोटा-ओटी -03-2025, **कार्य का विवरण:** जोन-I: ब्रिजेज ऑफ फॉर शेडयूल मेंटेनेन्स एण्ड माइनर रिपेयर ऑफ वेरियस ब्रिजेज एण्ड आरओबीज अण्डर ज्यूरिडिक्शन ऑफ एसएससी/ब्रिज/कोटा इन एमएक्सएल टू एमएसआरपी सेक्शन ऑफ कोटा डिविजन। जोन-II: ब्रिजेज ऑफ फॉर शेडयूल मेंटेनेन्स एण्ड माइनर रिपेयर ऑफ वेरियस ब्रिजेज एण्ड आरओबीज अण्डर ज्यूरिडिक्शन ऑफ एसएससी/ब्रिज/कोटा इन कोटा-सीओआर एण्ड कोटा-एमएक्सएल सेक्शन ऑफ कोटा डिविजन। जोन-III: ब्रिजेज ऑफ फॉर शेडयूल मेंटेनेन्स एण्ड माइनर रिपेयर ऑफ वेरियस ब्रिजेज एण्ड आरओबीज अण्डर ज्यूरिडिक्शन ऑफ एसएससी/ब्रिज/कोटा इन कोटा-आरटीए सेक्शन ऑफ कोटा डिविजन। जोन-IV ब्रिजेज ऑफ फॉर शेडयूल मेंटेनेन्स एण्ड माइनर रिपेयर ऑफ वेरियस ब्रिजेज एण्ड आरओबीज अण्डर ज्यूरिडिक्शन ऑफ एसएससी/ब्रिज/ कोटा इन कोटा-एनएडी एण्ड आरएमए-बीआर आरजी लाईन सेक्शन ऑफ कोटा डिविजन। **कार्य की लागत:** 23455173.30, **टेन्डर बन्द होने की तारीख:** 06.06.2025 (15:00 hours), पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की गई ई-निविदा में तथा उप मुख्य इंजीनियर (ब्रिज लाईन), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई-निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। ई-निविदा के अतिरिक्त ऑफ लाईन /मैनुअल ऑफर के माध्यम से टेन्डर स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(हस्ता.)
सहायक कार्यकारी अभि. (ब्रिज लाईन)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## मेरठ कांड की छाया सोदपुर में, प्रेमी के साथ मिलकर पति को बेहोश कर मारने की कोशिश

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर प्रदेश के मेरठ में कुछ महीने पहले सामने आई एक दिल दहला देने वाली घटना की परछाईं अब पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के सोदपुर में देखी गई है। मेरठ की मुस्कान नामक महिला द्वारा अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या के मामले ने देश को झकझोर दिया था। अब वैसा ही एक मामला सोदपुर के जयप्रकाश कॉलोनी में सामने आया है, जहां एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पहले अपने पति को नशीली चीज खिलाकर बेहोश किया और फिर उसकी बेरहमी से पिटाई की। जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक एक निजी कंपनी में ड्राइवर के रूप में कार्यरत है और उसकी शादी आठ साल पहले हुई थी। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि युवक की पत्नी का इलाके के एक आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति से प्रेम संबंध था। जब भी युवक काम पर बाहर होता, उसकी पत्नी प्रेमी को घर बुला लेती थी। हाल ही में युवक को अपनी पत्नी के इस अवैध संबंध की जानकारी हुई, जिसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि शनिवार को महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को पहले कोई नशीली वस्तु देकर बेहोश किया और फिर दोनों ने मिलकर उसकी बुरी तरह पिटाई की। मारपीट के दौरान युवक का सिर भी फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे खून से लथपथ हालत में देखा और तत्काल अस्पताल पहुंचाया। युवक इस समय कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में गंभीर स्थिति में भर्ती है। घटना के बाद आरोपी महिला और उसका प्रेमी मौके से फरार हो गए हैं। मामले की सूचना मिलते ही खड़दह थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।



### ग्रीन लाइन-2 पर रविवार को मेट्रो सेवा पूरी तरह बंद

**कोलकाता :** मेट्रो की ओर से जानकारी दी गई है कि ग्रीन लाइन-2 पर हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक की मेट्रो सेवा रविवार, 18 मई 2025 को पूरी तरह बंद रहेगी। इस दिन इस रूट पर कोई ट्रेन नहीं चलेगी। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, इस खंड में अत्यंत आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते यह ट्रैफिक ब्लॉक लागू किया गया है। यात्री सुरक्षा और तकनीकी सुधार के उद्देश्य से यह कदम उठाया जा रहा है। हालांकि, ब्लू लाइन पर मेट्रो सेवा सामान्य रूप से जारी रहेगी और यात्रियों को वहां किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों से हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपील की है।

## हाबरा में अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी घुसपैठिये गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** अवैध रूप से रहने के आरोप में पुलिस ने दो बांग्लादेशियों को हाबरा से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम बृउकुमार साहा (27) और हरिप्रसाद दास (28) हैं। उनके पास से कई फर्जी दस्तावेज बरामद भी किये गये। जांचकर्ता हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ करके घुसपैठ के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बृउकुमार साहा और हरिप्रसाद दास कुछ वर्ष पहले सीमा पार कर हाबरा के रास्ते राज्य में प्रवेश कर गए थे। इसके बाद, वे हाबरा स्टाफ क्वार्टर क्षेत्र में रहने लगे। हाल ही में, पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि इलाके में अवैध बांग्लादेशी रह रहे हैं। उस सूचना के आधार पर शुक्रवार को तलाशी ली गई। दो लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उनके पास से कई फर्जी दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। दोनों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गिरफ्तार लोगों के साथ कितने अन्य लोग अवैध रूप से देश में घुसे हैं। दूसरी तरफ, बांग्लादेशी नागरिकों के साथ किसका संपर्क है? वे जिन इलाकों में रहते हैं, उनकी जांच की जा रही है।



## छह सप्ताह में बकाया डीए का 25 प्रतिशत करना होगा ममता सरकार को भुगतान

**नई दिल्ली/कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को सरकारी कर्मचारियों के बकाया महंगाई भत्ता (डीए) का 25 प्रतिशत भुगतान करने का आदेश दिया है। हालांकि, इस बात पर अलग-अलग राय थी कि राज्य सरकार को बकाया डीए का 25 प्रतिशत भुगतान करने में कितना समय मिला। एक पक्ष का कहना था कि समय सीमा चार सप्ताह है, जबकि दूसरे पक्ष ने दावा किया कि राज्य को तीन महीने के भीतर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश का पालन करना होगा। परंतु, सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को निर्देश जारी करते हुए कहा कि राज्य को अगले छह सप्ताह के भीतर बकाया राशि का भुगतान करना होगा। इस प्रकार, समय सीमा के संबंध में सभी संशय समाप्त हो गए हैं। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार को कर्मचारियों के बकाया डीए का कम से कम 25 प्रतिसथ भुगतान करना होगा। इसे लेकर जारी निर्देशों में कहा गया है कि राज्य सरकार को सुनवाई की तारीख (शुक्रवार) से छह सप्ताह के भीतर निर्देशों का पालन करना होगा।



## सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त कराने के लिए नवान्न का नया कदम

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य की सरकारी जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक नई पहल की है। अब यह जानना आसान होगा कि राज्य में कहां, कितनी मात्रा में सरकारी जमीन मौजूद है और वह किस विभाग के अंतर्गत आती है।



सरकार की ओर से बताया गया है कि 'बंगलार भूमि' (बंगाल की भूमि) नामक पोर्टल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अब सरकारी जमीन से जुड़ी पूरी जानकारी प्राप्त कर सकेगा। इसमें जमीन का खसरा-खतियान, विभागीय स्वामित्व, और जमीन की प्रकृति जैसी तमाम जानकारियाँ शामिल होंगी।

इस पहल से जमीन खरीदने वालों को काफी लाभ होगा क्योंकि इससे यह स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा कि जिस जमीन की खरीदारी की जा रही है वह कहीं सरकारी तो नहीं, या उसका इस्तेमाल बदलकर अवैध तरीके से तो नहीं बेचा जा रहा है।

गौरतलब है कि बीते वर्षों में कई बार सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और उसकी बिक्री के आरोप सामने आए हैं। खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार अधिकारियों को सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं।

नवान्न सूत्रों के अनुसार, अब तक आम लोगों के लिए यह जानकारी उपलब्ध नहीं थी कि कहां कितनी सरकारी जमीन है। लेकिन अब राज्य के भूमि और भूमि राजस्व विभाग ने इस प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है।

राज्य सरकार का मानना है कि इस डिजिटल पहल से सरकारी जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, जमीन संबंधी धोखाधड़ी कम होगी और पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# माता-पिता, बहन और दादी की हत्या के दोषी को मालदह जिला कोर्ट ने सुनाई मौत की सजा

❑ **बड़े भाई की गवाही पर छोटा भाई पाया गया दोषी, संपत्ति के लालच में दिया घटना को अंजाम**



**मालदह :** परिवार के सबसे छोटे बेटे को अपने माता-पिता, बहन और दादी की हत्या का दोषी पाया गया और मालदह जिला न्यायालय ने कालियाचक निवासी आसिफ मोहम्मद को फांसी का आदेश दिया है। मालदह जिला न्यायाधीश शुभायु बनर्जी ने मामले की सुनवाई के बाद शनिवार को यह फैसला सुनाया। बता दें कि आसिफ ने अपने माता-पिता, बहन और दादी की हत्या कर दी और फिर शवों को घर में ही ताबूत में छिपा दिया। इस मामले में गवाह आरोपी आसिफ का भाई आरिफ था। हत्या 28 फरवरी 2021 को मालदह के कालियाचक थाना अंतर्गत 16 माइल गांव में हुई थी, लेकिन घर में दफनाए गए शव 110 दिन बाद बरामद हुए। आसिफ द्वारा मारे गए लोगों में दादी अलेक नूर बेवा (72), मां इरा बीबी (36), रीमा खातून (16) और पिता जावद अली (53) शामिल थे। आसिफ ने कोल्ड ड्रिंक में नींद की गोलियां मिलाकर अपने पिता, मां, भाई, बहन और दादी को पिला दी। जब वे बेहोश हो गए तो उसने उनके चेहरों पर टेप चिपका दिया और हाथ-पैर बांध दिए। आसिफ ने घर के भंडारण कक्ष में पहले से ही एक झोपड़ी बना रखी थी। धीरे-धीरे इसमें पानी भी जमा हो जाता है। सभी को उस गोदाम के तहखाने में फेंक दिया गया। हालांकि, जब भाई आरिफ के चेहरे पर लगा टेप किसी तरह से उतर गया, तो उनका अपने भाई से झगड़ा हो गया और वे घर से भागकर कोलकाता चला गया। घटना के साढ़े तीन महीने बाद आरिफ उस इलाके में वापस आया और कुछ लोगों की मदद से पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और घर से चार सड़ी-गली लाशें बरामद कीं। पुलिस ने घटना के आरोपी परिवार के सबसे छोटे बेटे आसिफ मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद, पुलिस ने आसिफ के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। आसिफ ने धन और संपत्ति के लालच में अपने माता-पिता सहित परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी। इस मामले में बिभास चटर्जी सरकार के वकील थे। आसिफ को शुक्रवार को दोषी पाया गया। इस दिन, उसे अदालत में पेश किया गया। जिला न्यायाधीश शुभायु बनर्जी ने मृत्युदंड की सजा की घोषणा की।

## मुर्शिदाबाद में फर्जी आधार रैकेट का भंडाफोड़, बायोमेट्रिक डिवाइस के साथ दो गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठियों के लिए फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि गत शुक्रवार की रात पुलिस ने मुर्शिदाबाद के सागरपाड़ा थाना अंतर्गत नरसिंहपुर बाजार से गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया।

साथ ही, मौके फर्जी आधार बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी बरामद किए गए। आरोपियों के नाम सनाउल्लाह शेख (32) और अनवर रहमान (30) हैं। वे सागरपाड़ा थाना अंतर्गत बारोमसिया गांव के निवासी है। बताया गया है कि सनाउल्लाह शेख नरसिंहपुर बाजार स्थित अपनी दुकान से फर्जी आधार कार्ड बनाने का कारोबार चलाता था। शनिवार को सागरपाड़ा थाने में डोमकल के



एसडीपीओ शुभम बजाज, सीआई तापस दास और ओसी खोरशेद आलम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया, जिसमें एसपीओ ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने खुद को आधार कार्ड बनाने के लिए अधिकृत कर्मचारी बताकर स्थानीय निवासियों से धोखाधड़ी करने की बात कबूल की है। एसडीपीओ ने यह भी कहा कि नए आधार कार्ड बनाने की कानूनी अनुमति यूआईडीएआई यानी भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के पास है। जो इस जिले में ब्रह्मपुर में एकमात्र है। वहीं से नए आधार कार्ड बनने हैं। जो लोग बाजार या मोहल्ले में आधार या अन्य पहचान पत्र बना रहे हैं या अपग्रेड कर रहे हैं, उन्हें पता होगा कि यह अवैध है।

## गोदरेज रेफ्रिजरेटर ने एआई और डिजाइन की मदद से उपभोक्ता अनुभव को बनाया बेहतर

**कोलकाता :** घरेलू उपकरण अब सिर्फ़ कार्यक्षमता के बारे में नहीं रह गए हैं; वे अब स्टाइल और स्मार्ट लिविंग का विस्तार बन गए हैं। उपभोक्ता प्राथमिकताएं भी अधिक प्रीमियम उत्पादों की ओर बढ़ रही हैं, जिनमें उच्च क्षमताएं हैं, जो अतिरिक्त सुविधा के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित सुविधाएं प्रदान करते हैं। इसके साथ तालमेल बिठाते हुए, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के हिस्से, गोदरेज एंड बॉयस के उपकरण व्यवसाय ने एआई -संचालित ईऑन वेलवेट साइड-बाय-साइड रेफ्रिजरेटर लॉन्च किए हैं जो सौंदर्य और प्रौद्योगिकी का एक सहज मिश्रण प्रदान करते है।

## तोलाबाजी का विरोध करने पर तृणमूल कांग्रेस की सदस्या के पति पर हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर के बेगमपुर ग्राम पंचायत के 200 कॉलोनी के 58 नंबर बूथ में तृणमूल कांग्रेस की सदस्य बिजली गायेन के पति पर हमला किया गया। इस हमले का आरोप हाड़ाल के निवासी नकुल मंडल पर है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी नकुल मंडल ने उन पर हमला किया था। शनिवार सुबह जब गौर गायेन पियाली बाजार जा रहे थे, तभी नकुल मंडल ने उनकी गाड़ी रोककर अचानक उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि लोहे की रॉड से उनके सिर, हाथ और कमर पर वार किया गया और गला दबाकर उन्हें जान से मारने की



कोशिश की गई। इसके अलावा यह भी आरोप है कि नकुल मंडल ने उनके सिर पर बंदूक तानकर गोली मारने की धमकी दी। घटना के समय आसपास के स्थानीय लोग वहां आ गए, जिसके बाद नकुल मंडल मौके से भाग गया। इसके बाद बारुईपुर थाने में इस मामले की शिकायत दर्ज करायी गयी है।

## डोमकल में हथियार बेचने के दौरान आग्नेयास्त्र डीलर गिरफ्तार

❑ **आरोपी के पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार भी बरामद**

**मुर्शिदाबाद :** नदिया से मुर्शिदाबाद में हथियार बेचने के दौरान एक आग्नेयास्त्र डीलर को गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि गत शुक्रवार की देर रात मुर्शिदाबाद के डोमकल स्थित अमीनाबाद से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से दो घरेलू निर्मित एकल-गोली आग्नेयास्त्र और एक राउंड जीवित गोला-बारूद बरामद किया गया।



पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी का नाम प्रकाश प्रमाणिक उर्फ कालू (42) है। वह नदिया के थानारपाड़ा इलाके के शीशा हलदरपाड़ा का निवासी है। पुलिस ने बताया कि सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर उक्त इलाके में छापेमारी की गई और हथियार डीलर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने थानारपाड़ा से बाघडांगा बाजार तक कई बार बस बदली। इसके बाद, वह अमीनाबाद में खरीदार के पास जा रहा था। जब वह वहां इंतजार कर रहा था तो पुलिस ने उसे रोक लिया। बाद में, उसके पास रखे नायलॉन बैग की तलाशी ली गईं तो कपड़ों के अंदर से दो आग्नेयास्त्र बरामद किये गये। वहां से उसे सीधे पुलिस स्टेशन ले जाया गया। उसे वैध हथियार दस्तावेज न दिखाने के कारण गिरफ्तार किया गया। आर-ोपी को शनिवार को बहरामपुर सीजेएम कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नर्केलडांगा में हथियारों के साथ युवक गिरफ्तार, गिरोह के अन्य सदस्य फरार

**कोलकाता :** नर्केलडांगा थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शेख समीर उर्फ दातून (उम्र 28 वर्ष), निवासी 78/बी मार्टिन पाड़ा, थाना आनंदपुर के रूप में हुई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार, रात करीब 11:40 बजे समीर को नर्केलडांगा थाना अंतर्गत कैनाल वेस्ट रोड और पार्सल रोड के क्रॉसिंग के पास से पकड़ा गया। उसके पास से एक 7 एमएम का देशी पिस्तौल, एक मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह ये हथियार अन्य असामाजिक तत्वों को बेचने के इरादे से लेकर आया था, जो मौके से फरार होने में सफल रहे।

पुलिस ने समीर के खिलाफ नर्केलडांगा थाना अंतर्गत मामला दर्ज किया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और पुलिस पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए आगे की जांच में जुट गई है।

## संजीव गोयनका ने भगवान वेंकटेश्वर को चढ़ाए 3.63 करोड़ के स्वर्ण आभूषण

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईपीएल 2025 फिर से शनिवार से शुरू हो रहा है। इससे पहले शुक्रवार को कोलकाता के उद्य-ोगपति व लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका सपरिवार तिरुपति तिरुमाला मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। इस दौरान



उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में 3.63 करोड़ रुपये मूल्य के स्वर्ण आभूषण दान किए। गोयनका ने 5.2 किलो हीरे और रत्न जड़ित आभूषण दान किए, जिनकी कीमत 3.63 करोड़ रुपये है। इस दान दिए गए आभूषणों में हीरे और रत्न जड़ित दो गहने शामिल हैं-एक कटि यानी कमर का आभूषण है और दूसरा वरद हस्तम, जो भगवान के आशीर्वाद देने वाले हाथ के लिए बनाया गया है। आभूषण तिरुमाला के रंगनायकुला मंडपम में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी वेंकैया चौधरी को सौंपे गए।

## नारायणा स्कूल, महेशतला में एआईएसएसई एवं एआईएसएस-सीई- 2025 के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा :** महेशतला स्थित नारायणा स्कूल में एआईएसएसई (कक्षा 10) एवं एआईएसएससीई (कक्षा 12) परीक्षा- 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में उन विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य विश्वनाथ पांडेय, उप-प्रधानाचार्य, कोऑर्डिनेटर, इंचार्ज एवं समस्त शिक्षकों ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पल्लव कुमार दत्ता उपस्थित रहे और अलोका मैती को विशिष्ट अतिथि के



रूप में आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर मंच से वक्ताओं ने विद्यार्थियों की लगन, परिश्रम और अनुशासन की सराहना की। साथ ही, शिक्षकों के निःस्वार्थ समर्पण और मार्गदर्शन की भी सराहना की गई, जिन्होंने विद्यार्थियों को सफलता की ओर प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी मेधावी छात्रों को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिह्न एवं शुभकामनाओं के साथ सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

## कोलकाता में 'रेटिना कॉन्क्लेव-2025', रेटिना रोग और नेत्र कैंसर पर विशेषज्ञों की गहन चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा**

शंकर नेत्रालय द्वारा आयोजित 'रेटिना कॉन्क्लेव-2025' का आयोजन शनिवार सुबह ताज ताल कुटीर के पवेलियन हॉल में किया गया। इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के ईस्टर्न जोन के जोनल मैनेजर जगत सिंह तलिया और रीजनल मैनेजर (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) सौमित्र कुमार दे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सेमिनार के दौरान देश के जाने-माने नेत्र विशेषज्ञों ने रेटिना से जुड़ी जटिल समस्याओं और बच्चों में होने वाले नेत्र कैंसर के बारे में विस्तार से चर्चा की। विशेषज्ञों ने रोग की पहचान, रोकथाम और नवीनतम उपचार पद्धतियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जे. एस. तलिया ने अपने वक्तव्य में इस प्रकार के चिकित्सा सेमिनारों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे न केवल आम जनता में जागरूकता बढ़ती है, बल्कि विशेषज्ञों के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान भी होता है। उन्होंने शंकर नेत्रालय की सामाजिक सेव-ाओं की सराहना करते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों में एलआईसी की सक्रिय भागीदारी का उल्लेख किया। कार्यक्रम में शंकर नेत्रालय के कर्णधार, अन्य वरिष्ठ चिकित्सक पत्रकार एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां भी मौजूद रहीं।

## हिंदुजा परिवार ने लगातार चौथे वर्ष 2025 की यूके रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान बरकरार रखा

**कोलकाता :** श्री गोपीचंद हिंदुजा, 110 वर्ष पुराने बहुराष्ट्रीय समूह हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन के नेतृत्व में हिंदुजा परिवार ने 35.3 अरब पाउंड की संपत्ति के साथ लगातार चौथे वर्ष संडे टाइम्स रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। संडे टाइम्स रिच लिस्ट यूनाइटेड किंगडम में रहने वाले सबसे धनी व्यक्तियों और परिवारों की वार्षिक रैंकिंग है, जिसमें 2025 के संस्करण में 350 प्रविष्टियाँ शामिल हैं। वैश्विक चुनौतियों और नीतिगत बदलावों के बावजूद, हिंदुजा परिवार ने असाधारण व्यावसायिक दृढ़ता और वैश्विक नेतृत्व का प्रदर्शन जारी रखा है। यूके स्थित इस परिवार का कंपनी समूह, चेयरमैन जी.पी. हिंदुजा के नेतृत्व में, 38 देशों में संचालित होता है और कई क्षेत्रों में निवेश करता है।

## अमेजन.इन ने लॉन्च किया एलिवेट प्रोग्राम

**कोलकाता :** अमेजन.इन ने आज अपने एलिवेट प्रोग्राम के लॉन्च की घोषणा की, जो अमेज़न इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम से जुड़े कंटेंट क्रिएटर के प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई रणनीतिक पहल है। यह प्रोग्राम क्रिएटर के लिए उनकी बढ़ती ज़रूरतों और महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप बेहतरीन समाधान, अंतर्दृष्टि और समर्पित सहायता प्रदान कर अधिक कमाई की संभावना को अनलॉक करने के लिए तैयार किया गया है। अमेज़न में भारत और उभरते बाजारों के लिए शॉपिंग इनिशिएटिव के निदेशक ज़ाहिद खान ने कहा, हम अपने इन्फ्लुएंसर समुदाय को बहुत महत्व देते हैं, और एलिवेट प्रोग्राम हर तरह के क्रिएटर को हमारे प्लेटफॉर्म पर विस्तार और प्रगति करने के लिए आवश्यक टूल और सहायता प्रदान करने के लिहाज़ से अमेज़न के व्यापक उद्देश्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अवैध हथियारों के साथ दो युवक गिरफ्तार, अर्मेनियन घाट के पास पुलिस की कार्रवाई





**कोलकाता :** शहर में अपराध पर अंकुश लगाने की मुहिम के तहत नॉर्थ पोर्ट थाना पुलिस ने शुक्रवार रात दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम हैं मोहम्मद साइम अख्तर उर्फ सितारे (21), निवासी 311, वेस्ट चौबागा, चौथी मंजिल, थाना आनंदपुर और मोहम्मद दिलशाद (21), निवासी 108, गुलशन कॉलोनी (ऑटो स्टैंड), थाना आनंदपुर।

पुलिस ने दोनों को 16 मई 2025 की रात करीब 10:20 बजे स्ट्रैंड बैंक रोड पर अर्मेनियन घाट के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी सिंगल शॉट बंदूक और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

पुलिस ने इनके खिलाफ नॉर्थ पोर्ट थाना अंतर्गत मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वे ये हथियार कहां से लाए और किन उद्देश्यों के लिए लेकर चल रहे थे। पुलिस इस मामले में इनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी कर रही है।

## सियालदह मंडल ने कायाकल्प कार्यों को प्रदर्शित करने हेतु मीडिया टूर का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे के सियालदह मंडल ने शनिवार को कल्याणी घोषपाड़ा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हो रहे विकासात्मक कार्यों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से एक मीडिया टूर का आयोजन किया। इस दौरे के दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को स्टेशन पर यात्रियों और रेलवे उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही विश्वस्तरीय सुविधाओं की जानकारी दी गई। कल्याणी घोषपाड़ा स्टेशन पर किए गए प्रमुख कार्यों में स्टेशन भवन, कंकोर्स, परिसंचारी क्षेत्र, पोर्च और फेकाड का उन्नयन शामिल है। प्लेटफॉर्म पर पूर्ण कवर्ड शेड, ऊंचाई बढ़ाने और सतह सुधार, बैठने के लिए आधुनिक फर्नीचर और बेंच, स्थानीय कला और संस्कृति का प्रदर्शन, प्रतीक्षालय और शौचालयों का नवीनीकरण, आधुनिक डिजिटल



सुविधाएं जैसे टीआईबी, प्लेटफॉर्म जीपीएस घड़ी, आउटडोर एलईडी टावर घड़ी, साइनबोर्ड, भूदृश्य विकास तथा आकर्षक प्रकाश व्यवस्था जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं जैसे रैम्प, कम ऊंचाई वाला टिकट काउंटर, शौचालय और जल कियोस्क की भी व्यवस्था की गई है। मीडिया को इस परियोजना के कार्य क्षेत्र, स्वीकृत लागत और अन्य तकनीकी पहलुओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई। अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त आधुनिक रूप में कायाकल्प करना है। यह मीडिया टूर कल्याणी घोषपाड़ा स्टेशन में हुए उल्लेखनीय कार्यों और रेलवे के निरंतर परिवर्तनशील प्रयासों को उजागर करने में सहायक रहा।

## मेदिनीपुर में मेस के बंद कमरे से एमए की छात्रा का लटकता शव बरामद

**मेदिनीपुर :** मेस के एक बंद कमरे से एमए के छात्रा का लटकता हुआ शव बरामद किया गया। इस घटना से मेदिनीपुर शहर में हड़कंप मच गया है। मृतका की पहचान स्नेहा अदक (21) के रूप में की गई है। क्या उसने आत्महत्या कर ली? या फिर उसकी 'हत्या' की गई है? यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच शुरू हो गई है। पता चला है कि स्नेहा अदक का घर पूर्व मेदिनीपुर के पटशपुर थाना अंतर्गत बरहट गांव में है। वह मेदिनीपुर सिटी कॉलेज में एम.ए. प्रथम वर्ष में दूसरे सेमेस्टर की छात्रा थी। वह कॉलेज के पास केरानिचती क्षेत्र में एक किराये के मकान में रहती थी। स्नेहा को कथित तौर पर शुक्रवार की शाम तक देखा गया था। बताया गया है कि उस समय उसके व्यवहार या भाषण में कुछ भी असामान्य नहीं था। शाम से ही परिवार के लोग बात करने के लिए उसके मोबाइल पर कॉल कर रहे थे। लेकिन बार-बार फोन बजने के बावजूद स्नेहा ने फोन नहीं उठाया। अंततः परिवार ने मेस अधिकारियों से संपर्क किया। जब अधिकारी छात्रा के कमरे में गए तो उन्होंने पाया कि दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा खटखटाने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पूरे मामले की सूचना छात्रा के परिवार को दी गई। कोतवाली पुलिस थाने को भी सूचना दी गई। पुलिस रात में मेस में पहुंची, दरवाजा तोड़ा और कमरे में प्रवेश किया। छात्रा को कमरे में पंखे से लटका हुआ देखा गया। स्नेहा के परिवार के सदस्य भी वहां आ जाते हैं।

## हावड़ा मंडल की शताब्दी पर रामपुरहाट जंक्शन की भूमिका को किया गया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर चल रहे समारोहों के तहत रामपुरहाट जंक्शन रेलवे स्टेशन की ऐतिहासिक और परिचालनिक भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। 1858 में बीरभूम जिले, पश्चिम बंगाल में स्थापित यह स्टेशन पूर्वी भारत का एक महत्वपूर्ण रेलवे केंद्र है, जो न सिर्फ यात्री सुविधा बल्कि धार्मिक पर्यटन और आर्थिक विकास में भी महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। रामपुरहाट जंक्शन एनए-सजी-3 और 'क्लास ए' श्रेणी में शामिल है, जो इसे पूर्व रेलवे का सातवां सबसे व्यस्त स्टेशन और बीरभूम का सबसे बड़ा स्टेशन बनाता है। यहां से प्रतिदिन 130 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं, जिनमें 19 ट्रेनें यहीं से प्रारंभ या समाप्त होती हैं। स्टेशन



पर मार्शलिंग यार्ड, पैसेंजर रेक शेड, और ईस्ट-वेस्ट ऑपरेटिंग केबिन जैसी सुविधाएं इसे परिचालन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती हैं। धार्मिक दृष्टिकोण से यह स्टेशन शक्तिपीठ तारापीठ मंदिर (9 किमी), एकचक्रधाम (20 किमी) और ऐतिहासिक मालूटी मंदिरों (14 किमी) का मुख्य प्रवेश बिंदु है। इस तरह यह स्टेशन श्रद्धालुओं के लिए एक जीवनरेखा का कार्य करता है।

हावड़ा मंडल ने पिछले सौ वर्षों में अपने रेल नेटवर्क का विस्तार करते हुए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को जोड़ने, तथा आध्यात्मिक स्थलों तक पहुंच आसान बनाने में महत्व-पूर्ण भूमिका निभाई है। भविष्य में यह मंडल सेवा, नवाचार और विकास की दिशा में और भी प्रगति के लिए संकल्पबद्ध है।

## जय हिंद विमानबंदर मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण, तय समय में कार्य पूरा करने के निर्देश



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक श्री पी. उदय कुमार रेड्डी ने शनिवार, 17 मई 2025 को जय हिंद विमानबंदर मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान मेट्रो रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने स्टेशन के टनल वेंटिलेशन सिस्टम, एयर कंडीशनिंग सिस्टम, प्रवेश और निकास द्वारों सहित कन्सकोर्स क्षेत्र का भी जायज़ा लिया। रेड्डी ने स्टेशन परिसर में ही एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें मेट्रो रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टेशन से जुड़े सभी निर्धारित कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और परियोजना समय पर पूरी हो सके।

## हावड़ा मंडल ने पाकुड़ स्टेशन पर प्रभात फेरी व स्वच्छता अभियान का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को पाकुड़ स्टेशन एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में प्रभात फेरी और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन ने न केवल मंडल की ऐतिहासिक उपलब्धियों को सम्मानित किया, बल्कि सामाजिक सहभागिता और जनजागरूकता का संदेश भी दिया। प्रभात फेरी की शुरुआत सुबह के समय स्टेशन परिसर से हुई, जहां प्रतिभागियों ने मंडल के सौ वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाते हुए बैनर एवं नारों के माध्यम से जागरूकता फैलाई। यह आयोजन मंडल की समृद्ध विरासत




का प्रतीक बनकर उभरा, जिसका उद्देश्य जनता को भारतीय रेलवे की ऐतिहासिक यात्रा से जोड़ना रहा। प्रभात फेरी के उपरांत, स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें प्लेटफॉर्म, प्रती-क्षालय, स्टेशन परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई। रेलवे कर्मियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। यह अभियान 'स्वच्छ भारत अभियान' की भावना के अनुरूप रहा, जो भारतीय रेलवे की यात्री सुविधाओं और स्वच्छ वातावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर हावड़ा मंडल ने अपनी गौरवशाली विरासत को संरक्षित रखने, नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजगता बढ़ाने और पर्यावरणीय चेतना को प्रोत्साहित करने का संकल्प दोहराया।

# विकास भवन के बाहर नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नौकरी गंवाने वाले स्कूली शिक्षकों ने साल्टलेक में स्थित शिक्षा विभाग मुख्यालय के बाहर शनिवार को तीसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रखा। शुक्रवार की रात से शनिवार की सुबह तक करीब 1,000 शिक्षकों ने विकास भवन के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया और पुलिस कर्मियों ने दूर से निगरानी की। कई प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि शिक्षकों ने रातभर विकास भवन के बाहर धरना जारी रखा। शिक्षक मंच के नेता और प्रदर्शनकारी शिक्षकों में शामिल चिन्मय मंडल ने कहा कि हमने हजारों शिक्षकों, नागरिक



समाज के सदस्यों और अन्य लोगों से विकास भवन के बाहर इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन तेज करने का आग्रह किया है। हम मुख्यमंत्री से तत्काल बातचीत की मांग करते हैं।

## शिक्षकों पर पुलिस लाठीचार्ज को लेकर भाजपा सांसद ने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुरुलिया से भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने कोलकाता में विरोध प्रदर्शन के दौरान नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों पर पुलिस लाठीचार्ज की घटना को लेकर शनिवार को कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर शिकायत की है। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश से इस मामले में स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। भाजपा सांसद ने पत्र में दावा किया है कि कोलकाता के साल्टलेक इलाके में स्थित राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन व उसके आसपास 15 मई की रात शांतिपूर्वक प्रदर्शन के दौरान, जिस तरह से पुलिस ने अत्याचार किया, उसमें 30 से अधिक योग्य शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताते हुए कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी के शासन में पुलिस की बर्बरता बढ़ती जा रही है। उन्होंने मांग की कि कलकत्ता उच्च न्यायालय को इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए।

# नदिया में महिला तृणमूल की अध्यक्ष को नियुक्ति के कुछ ही घंटों के भीतर पद से हटाया गया

**सांसद और कृष्णानगर सांगठनिक जिला तृणमूल की अध्यक्ष महुआ मोइत्रा ने टीना साहा पर कसा तंज**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में महिला तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के कुछ ही घंटों के भीतर टीना भौमिक साहा को पद से हटा दिया गया है। शुक्रवार को उन्हें नदिया जिला महिला तृणमूल की अध्यक्ष पद पर नियुक्ति का पत्र दिया गया था। लेकिन पदभार ग्रहण करने के कुछ ही घंटों के भीतर जिला परिषद सदस्य टीना भौमिक साहा को जिला महिला तृणमूल के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। टीना को हटाए जाने के बाद कृष्णानगर से स्थानीय सांसद और कृष्णानगर सांगठनिक जिला तृणमूल की अध्यक्ष महुआ मोइत्रा ने पत्रकारों के सवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुझे ऐसे किसी पोस्ट की जानकारी नहीं है। मुझे तो यह सब पद भूतहा (जाली) लगता है। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, टीना को पिछले बुधवार को जिला महिला संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और शुक्रवार को उन्हें नियुक्ति पत्र मिला। जैसे ही यह बात सार्वजनिक हुई, पार्टी के भीतर हंगामा मच गया।

कई लोगों ने इसका विरोध किया और कहा कि पार्टी में ऐसा कोई पद नहीं है। नदिया में तृणमूल के दो संगठनात्मक जिले हैं। कृष्णानगर संगठनात्मक जिला और दूसरा रानाघाट संगठनात्मक जिला। टीना की नियुक्ति के बाद सवाल उठा कि जब दो संगनात्मक जिले हैं, तो पूरे जिले के लिए महिला जिला अध्यक्ष का एक पद कैसे तय हुआ।

मामले की सूचना पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दी गई। पार्टी के जिला नेताओं द्वारा तृणमूल के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी के समक्ष भी आपत्ति जताई गई। आखिरकार पार्टी ने टीना को उस पद से हटा दिया है। हालांकि, हटाए जाने के सवाल पर टीना ने कहा कि मैंने खुद ही पार्टी को पत्र लिखकर व्यक्तिगत कारणों से इस पद से मुक्त करने की मांग की थी। पार्टी ने मंजूरी दे दी है।

## वि-जॉन के नए उत्पाद व्यापार भागीदारों और सेल्स टीम के साथ किए गए लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** वि-जॉन ने शुक्रवार को कोलकाता के पांच सितारा पार्क होटल में दो महत्वपूर्ण उत्पाद लॉन्च किए। इस रंगारंग बाजार शुभारंभ कार्यक्रम में व्यापार साझेदारों और सेल्स टीम ने भाग लिया। वि-जॉन के सीईओ भीमल पांडे, एनएसएम आर बी सिंह और मार्केटिंग जीएम आशुतोष चौधरी ने वि-जॉन चारकोल टूथपेस्ट, एल्बोरा पेस्ट, बियर्ड शेविंग क्रीम, फोम और सनस्क्रीन का पहला चरण बाजार में लॉन्च किया। रंगारंग कार्यक्रम में इन दोनों टूथपेस्टों को अन्य टूथपेस्टों से बेहतर और अन्य टूथपेस्टों से सस्ता बताया गया तथा दाढ़ी बनाने वाली क्रीमों को लगाने में सुरक्षित बताया गया।

## बेटी की मौत से शोकग्रस्त दम्पति ने लॉंच से गंगा में लगाई छलांग

❑ **जलयान कर्मचारियों व युवकों की तत्परता से बची जान**

**हावड़ा, समाज्ञा :** अपनी इकलौती बेटी के मौत के सदमे से उबर नहीं पाए एक दम्पति ने चलती लॉंच से गंगा में कूदकर जान देने की कोशिश की, लेकिन उन्हें बचा लिया गया। घटना हावड़ा और अहिरीटोला के बीच गंगा के पथ पर घटी। पुलिस व प्रत्यक्षदर्शियों ने उक्त घटना की जानकारी दी। घटना हावड़ा में घटी जहां गंगा नदी में छलांग लगा दी, लेकिन कर्मचारियों और कुछ युवकों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते उनकी जान बचा ली गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार को उक्त दंपत्ति सालकिया बांधाघाट से एक लॉंच में सवार हुए थे, जो कोलकाता के अहिरीटोला घाट की ओर जा रही थी। जब लॉंच मध्य गंगा में पहुंची, तभी प्रत्यक्षदर्शियों ने देखा कि उक्त दम्पति ने एकसाथ नदी में छलांग लगा दी। घटना को देखते ही लॉंच के



कर्मचारियों ने बिना देर किए गंगा में छलांग लगा दी और सेफ्टी टायर की सहायता से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते की गई इस कोशिश के चलते दंपत्ति की जान बच सकी। घटना के बाद लॉंच पर मौजूद यात्रियों और घाट क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि, दोनों को सुरक्षित अवस्था में बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि दम्पति ने यह कदम किस कारणवश उठाया।

सूत्रों ने बताया कि उक्त दंपत्ति का घर हावड़ा के लिलुआ के भट्टनगर इलाके में है। दम्पति की एकमात्र 12 साल की एक बेटी कुछ दिन पहले किडनी की बीमारी से मर गयी। दम्पति उक्त त्रासदी को भूल नहीं पा रहे थे। ऐसे में उन्होंने आत्महत्या करने के इरादे से शनिवार की सुबह दोनों हावड़ा के बांधाघाट से कोलकाता के अहिरीटोला तक एक लॉंच में सवार हुए, लेकिन उन्हें बचा लिया गया।

# बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा से 1.11 करोड़ के सोने के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

❑ **बांग्लादेश में तस्करी की जा रही 41 किलोग्राम गांजा भी जब्त**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर अंतर्गत 143वीं वाहिनी की सीमा चौकी हाकिमपुर के जवानों ने उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी को नाकाम कर 10 सोने के बिस्कुटों के साथ शुक्रवार को दो तस्करों को गिरफ्तार किया। बीएसएफ ने शनिवार को एक बयान में बताया कि तस्कर हाकिमपुर इलाके से सोने की बांग्लादेश से भारत में तस्करी की कोशिश कर रहे थे। जब्त सोने का वजन 1.167 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ 11 लाख रुपये है। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआ-




इजी व प्रवक्ता एनके पांडे ने बताया कि एक पुख्ता खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सोने की तस्करी को नाकाम कर दिया गया। सूचना के आधार पर जवानों ने एक विशेष अभियान चलाया। हाकिमपुर चेक पोस्ट के सभी जवानों को उच्च सतर्कता पर रखा गया और सभी संभावित मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई। सुबह लगभग 10.30 बजे सीमावर्ती हाकिमपुर उत्तरपाड़ा गांव के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि पर जवानों को शक हुआ। दोनों को रोक कर पूछताछ और गहन तलाशी ली गई तो उनके पास से 10 सोने के बिस्कुट बरामद हुए। दोनों आरोपित हाकिमपुर उत्तरपाड़ा के ही निवासी हैं। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि इस सोने को उसी गांव के एक निवासी को सौंपना था, जिसके लिए दोनों को 2,800 रुपये मिलते। अन्य घटना में नदिया जिले में 32वीं वाहिनी के जवानों और उत्तर 24 परगना में 143वीं वाहिनी के जवानों ने अलग-अलग अभियानों में कुल 41 किलोग्राम गांजा भी जब्त किया, जिसको तस्कर भारत से बांग्लादेश में तस्करी करने की फिराक में थे। जब्त सोने व गांजे की खेप को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने कहा कि सीमा पर जवानों की सतर्कता की वजह से तस्करों के मंसूबे लगातार नाकाम हो रहे हैं।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, कांकिनाड़ा के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा 2025 में दिखाया शानदार प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के कांकिनाड़ा स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, कांकिनाड़ा ने वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, समर्पण और अनुशासन से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। कक्षा 10 के परीक्षा परिणामों में ऋषिका गुप्ता ने 97.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और विद्यालय में नया रिकॉर्ड स्थापित किया। सोमदत्ता दास 96% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। खुशी गुप्ता और लिशा कुमारी ने 91.2% अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आदर्श शॉ ने 90.6% अंक पाकर चौथे स्थान पर अपना स्थान सुनिश्चित



किया। इस वर्ष कक्षा 10 से कुल 45 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी ने सफलता प्राप्त की।

कक्षा 12 में भी विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। सौम्या शॉ ने 97.4% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। तृषा रॉय ने 95.8% अंकों के साथ द्वितीय, संस्कृति शॉ ने 94.6% अंकों के साथ तृतीय और अदिति कुलकर्णी ने 93.4% अंकों के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 से कुल 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उल्लेखनीय है कि सभी अंकों की गणना विद्यार्थियों के पांच मुख्य विषयों के आधार पर की गई है। विद्यालय की इस अभूतपूर्व उपलब्धि के पीछे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग प्रमुख रहा है। विद्यालय के प्राचार्य मनीष रॉय ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए आने वाले शैक्षणिक सत्र में और भी बेहतर परिणामों के लिए प्रेरित किया।

# बिष्णुपुर में पोकाबांध में वृद्ध पुजारी का तैरता शव बरामद

**बांकुड़ा :** जिले के बिष्णुपुर के पारंपरिक दिघी पोकाबांध के पानी से शनिवार को एक वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया गया। बताया गया है कि इस दिन, दोपहर में नहाते समय स्थानीय लोगों ने पोकाबांध के पानी में एक वृद्ध व्यक्ति का शव तैरता हुआ देखा। बाद में, जब पुलिस को इसकी सूचना दी गई तो वे मौके पर पहुंचे और वृद्ध का शव बरामद किया।

पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम रेवती मोहन चटर्जी था। वह शहर के कबीराजपाड़ा इलाके का निवासी है। मृतक के परिवार के अनुसार, पेशे से पुजारी रेवती मोहन चटर्जी हर सुबह 8 से 9 बजे के बीच पोकाबांध के पानी में स्नान करता था। शनिवार को भी वह स्नान करने के लिए पोकाबांध आया था। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। चिंताएं बढ़ने लगीं। आसपास के इलाके की तलाशी के अलावा करीबी रिश्तेदारों के घरों में भी तलाश की गई। लेकिन, उनका कही कुछ पता नहीं चला। इस बीच, दोपहर में कई स्थानीय निवासी तालाब में नहाने गए। उन्होंने ही रेवती मोहन का शव तैरता हुआ देखा और परिवार को इसकी सूचना दी। खबर मिलते ही बिष्णुपुर पुलिस स्टेशन पहुंची। रेवती ने मोहन का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वृद्ध की मौत नहाते समय डूबने से हुई या इसके पीछे कोई और कारण है। इस घटना से परिवार पर दुख का साया छा गया है।



'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता एवं भारतीय सेना के पराक्रम का अभिनंदन करते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कोलकाता समेत राज्य भर में रैली निकाली

## मनोज कुमार पांडे की चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में नियुक्ति



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत सरकार की मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल) के निदेशक मंडल में मनोज कुमार पांडे को गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति श्रेणी ए(6) के तहत की गई है और यह तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी रहेगी, जिसकी गणना आदेश की तिथि से की जाएगी अथवा अगले निर्देश तक, जो भी पहले हो। इस निर्णय की जानकारी भारत सरकार के शास्त्री भवन, नई दिल्ली से जारी पत्र के माध्यम से दी गई है।

## गुजरात में काम करने गए बंगाल के दो प्रवासी मजदूरों की मौत

**मालदह :** दूसरे राज्य में काम करने गए बंगाल के दो प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, गत 13 मई को टावर गिरने से मालदह निवासी दो मजदूरों की मौत हो गई। यह घटना गुजरात के खंभालिया थाना क्षेत्र में घटी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मजदूर टावर के लिए ओवरहेड तार लगा रहे थे। तभी अचानक टावर चार लोगों पर गिर गया। परिणामस्वरूप एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य की स्थानीय अस्पताल में तथा तीसरे की जामनगर के जीजी अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इनमें से दो लोग पश्चिम बंगाल के श्रमिक हैं। यह कार्य एक निजी कंपनी को दिया गया। शुक्रवार को उनके शव घर पहुंचे और शव को देखकर परिवार के सदस्य फूट-फूट कर रोने लगे। मृत प्रवासी श्रमिकों के नाम परिमल मार्डी (27) और निस्तार शेख (26) हैं। परिमल ओल्ड मालदह प्रखंड के जतराडांगा के अखरापुकुर गांव का निवासी है। वहीं, निस्तार गाजोल थाना क्षेत्र के बैरगाछी 2 ग्राम पंचायत क्षेत्र की निवासी है। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के अनुसार, परिमल और निस्तार दोनों अविवाहित हैं। वे एक माह पहले गुजरात काम करने गए थे।

बताया जा रहा है कि 13 मई को वे टावर के लिए ओवरहेड तार लगाने का काम कर रहे थे। उसी समय टावर अचानक गिर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। परिमल के परिवार के सदस्यों ने बताया कि पुलिस ने उन्हें बताया कि टावर गिरने से उसकी मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह उनका पार्थिव शरीर घर पहुंचा। हालांकि, पता चला है कि मालदा और गाजोल थाने की पुलिस को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# राज्य के सिस्टम मैनेजर, सहायक सिस्टम मैनेजर और डेटा एंट्री ऑपरेटरों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल (आईएएस) ने कोलकाता के अहिंद्र मंच में राज्य के 24 जिलों के सिस्टम मैनेजर, सहायक सिस्टम मैनेजर और डाटा एंट्री ऑपरेटरों के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में कुल 116 चुनाव कर्मियों ने भाग लिया, जिनमें 12 सिस्टम मैनेजर, 49 सहायक सिस्टम मैनेजर और 55 डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल थे।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों की व्यावहारिक समझ को विशेष रूप से मतदाता पंजीकरण, ईआरओ-नेट, चुनाव आयोग की अन्य डिजिटल एप्लिकेशन और चुनावी प्रक्रिया से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली के क्षेत्र में मजबूत करना है। प्रतिभागियों को ईआरओ-नेट 2.0 तथा चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई अन्य आईटी सुविधाओं से परिचित कराया गया। साथ ही उन्हें जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (आर.पी. अधिनियम 1950), आईटी प्रोटोकॉल और आयोग की दिशानिर्देशों से संबंधित कानूनी प्रावधानों का भी प्रशिक्षण दिया गया।



अपने उद्घाटन भाषण में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और आईटी के प्रयोग की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित आरपी अधिनियम 1950 के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की पाठ्यक्रम रूपरेखा में इंटरएक्टिव सत्र, केस स्टडी और हाथों-हाथ अभ्यास शामिल थे। इसके अलावा प्रतिभागियों को ईआरओ-नेट 2.0, वोटर हेल्पलाइन ऐप (वीएचए) और अन्य आईटी टूल्स पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन दक्षिण 24 परगना के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी पश्चिम बंगाल के निर्देशानुसार किया गया।

# चुंचुड़ा कोर्ट के वकील को तीन दिन की पुलिस हिरासत

**हुगली :** चुंचुड़ा कोर्ट के तथाकथित वकील चंदन चक्रवर्ती को चुंचुड़ा कोर्ट ने तीन दिन के लिए पुलिस हिरासत में रखने का निर्देश दिया। पुलिस व कोर्ट सूत्रों ने उक्त जानकारी दी। कोर्ट सूत्रों ने आज बताया कि वकील चंदन चक्रवर्ती को पुलिस पण्डुवा निवासी एक मुवाक्किल पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया है। खबरों के अनुसार तथाकथित वकील चंदन चक्रवर्ती ने तब अपने मुवाक्किल पर कोर्ट परिसर अचंल में धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने की कोशिश की जब कथित तौर पर चंदन ने अपने मुवाक्किल से और 2 लाख रुपए की मांग की। उक्त जगह पर जब मुवाक्किल ने चंदन को पैसे नहीं दिए तो अचानक उसने



मुवाक्किल पर धारदार हथियार से हमला करना चाहा लेकिन वहां मौजूद वकीलों ने चंदन के मुवाक्किल को बचा लिया। मुवाक्किल का कहना है कि मामले के लिए चंदन उससे पहले भी 1 लाख रुपए ले चुका और फिर पैसे मांग रहा था और मामला के नाम पर उसे टाल रहा था। मामले पर चुंचुड़ा कोर्ट के वकीलों ने कहा कि, चंदन पेशे के नाम पर धब्बा है और वह पेशे के बदनाम करता था और दलाली करता था। उसकी तमाम बार शिकायतें आ चुकी है।

# डानकुनी में बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार

**पर्यटक वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से रह रहा था आरोपी**

**हुगली, समाज्ञा :** एक पर्यटक तीन महीने के पर्यटक वीजा पर बांग्लादेश से भारत आया था और वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी वह भारत में रह रहा था। लगातार पांच वर्षों तक उसका समय बहुत अच्छा रहा। हालांकि, मामला उजागर होने के बाद डानकुनी से एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे शनिवार को श्रीरामपुर अदालत में पेश किया गया। आरोपी का नाम मोहम्मद शहादत हुसैन है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश के सतखीरा निवासी मोहम्मद शहादत हुसैन 2020 में पर्यटक वीजा पर भारत आया था। तीन महीने का वीजा समाप्त होने के बाद भी वह भारत में ही रह रहा था। शहादत हुसैन



डानकुनी के मनोहरपुर में किराये के मकान में रहता था। वह दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करता था। खुफिया विभाग से सूचना मिलने के बाद मोहम्मद शहादत हुसैन को डानकुनी के मनोहरपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। शनिवार को उन्हें श्रीरामपुर अदालत में पेश किया गया। भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति के साथ कितने लोग अवैध रूप से देश में दाखिल हुए, दूसरी तरफ किस-किस का बांग्लादेशी नागरिक से संपर्क है इन सबकी जांच चल रही है।

## 14 साल पहले पड़ोसी की ईंट से हमला कर हत्या, चंदननगर कोर्ट ने आरोपी को सुनाई उम्रकैद की सजा

**हुगली, समाज्ञा :** ईंट से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या के मामले में गिरफ्तार काशीनाथ मंडल को दोषी पाया गया और शनिवार को चंदननगर की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पता चला है कि 14 साल के लंबे इंतजार के बाद इस हत्याकांड में फैसला आया है। उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई 2011 को हुगली के तारकेश्वर में आमतला स्टैंड पर दो बुजुर्गों नवकुमार खाड़ा और काशीनाथ मंडल के बीच मामूली बात को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों ही तारकेश्वर मुक्तारपुर इलाके में रहते हैं। यह देख दो स्थानीय दुकानदारों, स्वपन सामंत और सुधांशु शेखर खाड़ा ने मामले को शांत कराया। आरोप है कि काशीनाथ शांत नहीं हुआ। बहस के दौरान, काशीनाथ ने नवकुमार खाड़ा नामक व्यक्ति को सबसे पहले डंडे से मारा गया। फिर, उसने सड़क पर पड़ी ईंट से उसके सिर पर वार किया। स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ नवकुमार को बचाया और तारकेश्वर अस्पताल ले गए, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने हत्या की जांच की और काशीनाथ मंडल नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान आरोपी कलकत्ता उच्च न्यायालय से जमानत पर रिहा था। हत्या का मामला इस साल 7 मई को चंदननगर की फास्ट ट्रैक अदालत में दायर किया गया था। न्यायाधीश जगतज्योति भट्टाचार्य ने आरोपी को तत्काल हिरासत में लेने का आदेश दिया। पुलिस ने अदालत के आदेश पर काशीनाथ मंडल को फिर से गिरफ्तार कर लिया। फास्ट ट्रैक कोर्ट में कुल 13 लोगों की गवाही हुई। शनिवार को न्यायाधीश ने उस व्यक्ति को दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही, 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। मृतक का परिवार लंबे समय के बाद न्याय मिलने से खुश है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के सेंट्रल अस्पताल में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के गार्डनरीच स्थित सेंट्रल अस्पताल में शनिवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य जांच सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों में हाइपरटेंशन के प्रति जागरूकता फैलाना और नियमित ब्लड प्रेशर जांच को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में कुल 75 डॉक्टरों, नर्सों और अन्य अस्पतालकर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्नत बॉडी कंपोजिशन एनालाइजर की मदद से प्रतिभागियों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई। इस कार्यक्रम में कई वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। डॉ. बी.एन. झा (कार्डियोलॉजिस्ट, एसीएचडी) ने नियमित और सटीक ब्लड प्रेशर मापने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तचाप पर नियंत्रण एक लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। डॉ. अंजना मल्होत्रा (पीसीएमडी) ने कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी स्टाफ से नियमित रक्तचाप जांच कराने की अपील की।

डॉ. श्रीकुमार (मेडिकल डायरेक्टर) ने बताया कि हाइपरटेंशन एक साइलेंट किलर है और इसकी पहचान तथा उपचार शीघ्र किया जाना चाहिए क्योंकि यह अंगों को नुकसान पहुंचाने वाला एक प्रमुख कारण बन सकता है। डॉ. पी.के. मजूमदार ने अनियंत्रित रक्तचाप से उत्पन्न होने



वाली जटिलताओं पर चिंता व्यक्त की। डॉ. प्रियंका मंडल ने विशेष रूप से महिलाओं में उच्च रक्तचाप के प्रभाव पर चर्चा की और महिला स्वास्थ्यकर्मियों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। डॉ. मुक्ता मंडल ने चिकित्सा पेशेवरों से समाज की सेवा के साथ-साथ स्वयं के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने की सलाह दी। समापन भाषण में डॉ. ए. बेरा ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता को दोहराया और चिकित्सा क्षेत्र में रोकथाम पर आधारित देखभाल के महत्व को रेखांकित किया। इस आयोजन में अस्पताल कर्मचारियों ने सराहना की और कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का समापन डॉ. झा के प्रेरणादायक संदेश टेंशन से रखें दूरी, हाइपरटेंशन से मिले मुक्ति के साथ हुआ।

# महेश्वर, मध्य प्रदेश

## हमारी अनजानी धरोहर 69



डॉ. एस. के. सैनी

महेश्वर मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में है और यह इंदौर से लगभग 98 किलोमीटर दूर है। यहां इंदौर से लगभग 2 घंटे में पहुंचा जा सकता है। महेश्वर अहिल्याबाई होल्कर से जुड़ा हुआ नाम है। मराठा महारानी अहिल्याबाई होलकर की महेश्वरी राजधानी रही है और यहां इन्होंने जो किला बनाया और किले में वाड़ा बनाया। इस वाड़े में इनका निवास था अहिल्याबाई होलकर न सिर्फ मध्य भारत की महारानी थी होल्कर राज परिवार की एक साहसी महिला और नायिका थी। उनकी धार्मिक प्रवृत्तियों में भी बहुत रुचि थी। मैं स्वयं द्वारिका और बनारस गया हूं जहां के मंदिरों का जीर्णोद्धार अहिल्याबाई होल्कर ने किया।जिस तरह से बंगाल में राजधानी रास मणि एक प्रख्यात धार्मिक प्रवृत्ति की राजमाता रही है इस तरह से मध्य भारत में अहिल्याबाई होल्कर का नाम धार्मिक तीर्थ के पुनरुत्थान में अग्रणी रहा है।

प्राचीन काल में महिष्मति महेश्वरी की नर्मदा नदी के किनारे सोमवंशी हेहेया वंश की साहस्त्राबाहु अर्जुन ने की थी। इसी वंश के किरात अर्जुन यहां के महाराजा रहे हैं उनका जिक्र पुराणों में भी हुआ है। महेश्वर शहर अपने प्रख्यात घाटों और मंदिरों के लिए विख्यात नगरी रही है।कहते हैं कि यहां पर आदि गुरु शंकराचार्य और पंडित मंडल मिश्रा का शास्त्रार्थ नर्मदा के किनारे यहीं पर हुआ था।महेश्वरी महेश्वरी साड़ियों के लिए भी प्रसिद्ध रही है जो हाथ करघे पर बुनी जाती है और यहां की कला और संस्कृति का अभिन्न अंग रही है।

महेश्वर में महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जो महल जिसे वाड़ा कहते हैं अब एक बेहतरीन होटल के रूप में परिवर्तित किया जा चुका है। होल्कर वंश के वर्तमान राजा रिचर्ड होलकर के द्वारा अब उसका सारा प्रबंध किया जाता है।महेश्वर हमारे देश की सांस्कृतिक और धार्मिक नगरी



रही है। नर्मदा के किनारे होने के कारण इसका महत्व अलग हो जाता है। यहां का प्रसिद्ध मंदिर राजराजेश्वर मंदिर है।

यहां प्रख्यात फिल्म अशोक और तुलसी की शूटिंग हो चुकी है तथा ज़ी टीवी के द्वारा निर्मित सीरियल झांसी की रानी के कई एपिसोड यहां पर शूट किए गए हैं।

अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 में 1725 को तत्कालीन हैदराबाद रियासत के चांदी ग्राम में हुआ जिसे बाद में महाराष्ट्र में अहिल्या नगर नाम दिया गया। उन्होंने 17 67 से लेकर के 1795तक होल्कर रियासत पर राज्य किया।वह एक ऐसी महिला नेत्री थी जो बहुत ही प्रसिद्ध रही है उनकी धार्मिक प्रवृत्तियां और जनता के प्रति उनकी सहिष्णुता की नीति अति प्रशंसनीय रही है। अहिल्याबाई होल्कर ने पूरे भारत भर में प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पर हिंदू मंदिरों का निर्माण किया तथा प्राचीन जगत प्रसिद्ध मंदिरों का पूर्ण उद्धार और जीर्णोद्धार किया। उनका देहावसान 13 अगस्त 1795 को हुआ।

महेश्वर मंदिर महारानी अहिल्याबाई होलकर के द्वारा निर्मित किया गया। यह अपने स्थापत्य के लिए प्रसिद्ध है इसका निर्माण महारानी होलकर अहिल्याबाई होल्कर ने किया था। सुंदर घाटों के लिए प्रसिद्ध महेश्वर में यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है इसके अलावा भी यहां पर भगवान विष्णु के कई मंदिर हैं उनका अपना व्यक्तिगत पूजा स्थल भी है जहां सोने का झूला है और जहां भगवान शंकर,भगवान विष्णु के प्रतिमाएं हैं अहिल्याबाई होल्कर की धार्मिक प्रवृत्ति और उनकी धर्मपरायणता जगत प्रसिद्ध रही है और महेश्वर के लोग आज भी अपनी इस महारानी को याद करते हैं

# विरासत का बीज



त्रिलोक नाथ पांडेय

गाँव के बीचों-बीच, सूरज की आखिरी किरणों में नहाया, एक विशाल पीपल का पेड़ खड़ा था – समय का गवाह, इतिहास का पहरेदार। उसी पेड़ के नीचे राघव अपने सात साल के बेटे अर्जुन को लेकर बैठा था।

हवा में चिड़ियों की चहचहाहट और पत्तों की सरसराहट संगीत सा बह रहा था।

पापा, अर्जुन ने हल्की – सी आवाज़ में पूछा, ये पेड़ कितना पुराना है?

राघव मुस्कुराया, बेटा, जब तुम्हारे दादा जी के दादा जी बच्चे थे, तब उन्होंने इसे लगाया था। सोचो, कितने लोग आए, कितनी पीढ़ियाँ गुजरीं, पर ये पेड़ आज भी डटा हुआ है।

अर्जुन ने हैरानी से आँखें फैलाईं, तो पापा, क्या ये पेड़ भी गलती करता होगा?

राघव हँस पड़ा, पेड़ भी गलती करता है, बेटे।परंतु हमारे जैसा नहीं। अगर पानी कम मिले या धूप ज़्यादा हो, तो इसकी शाखाएँ सूख जाती हैं। पर वह हार नहीं मानता। फिर से नई कोंपलें निकालता है। गलती इंसान की तरह पेड़ के जीवन का भी हिस्सा है।

अर्जुन सोच में डूब गया।

तभी आँगन से दादी की आवाज़ आई, राघव! देखो, बच्चा बिगड़ न जाए। अब के बच्चे तो जरा-सी छूट मिले तो सिर पर चढ़ जाते हैं!

राघव मुस्कुरा कर बोला, दादी, 'बाँध-बाँध कर भी कोई पौधा बड़ा नहीं होता, उसे खुला आकाश चाहिए।' प्यार की खाद होगी तो ये बच्चा भी मजबूत बनेगा।

दादी ठुनकते हुए बोलीं, हमारे समय में तो बेंत खा-खा कर ही अक्ल आती थी!

राघव ने शरारती मुस्कान के साथ



कहा, और दादी, आप खुद तो कहती थीं – 'जहाँ प्यार बरसता है, वहीं फूल खिलते हैं।'

दादी झेंपते हुए मुस्कुरा दीं, हाय राम, ये लड़का तो तर्क में भी बाजीगर निकला!

अर्जुन ने उत्साहित होकर पूछा, पापा, आप मुझसे कभी नाराज़ नहीं होंगे?

राघव ने गंभीर होकर कहा, बेटा, ग़लती पर नाराज़ नहीं होंगे, पर सिखाएँगे। नाराज़ होकर अगर हम तुम्हें डराएंगे, तो तुम सच्चाई से मुँह मोड़ोगे। लेकिन अगर तुम्हें गले लगाएँगे, तो तुम अपनी ग़लती खुद समझोगे।

अर्जुन ने मासूमियत से पूछा, अगर मैं बहुत बड़ी गलती कर दूँ?

राघव ने उसका हाथ थामते हुए कहा, तो भी बेटा, हम तुम्हारा साथ नहीं छोड़ेंगे। 'भूल सुधारने का मौका देना, सबसे बड़ा संस्कार है।'

थोड़ी देर चुप्पी छाई रही। हवा में हल्की ठंडक घुल गई थी।

फिर राघव ने अर्जुन से कहा, सोचो बेटा, अगर हम वही सब कुछ वैसे का वैसा आगे बढ़ाते रहें, जो पहले गलत था, तो आगे जाकर क्या होगा?

अर्जुन ने आँखें सिकोड़कर सोचा और फिर बोला, सब गड़बड़ हो जाएगा!

राघव ने गर्व से उसकी पीठ थपथपाई, बिलकुल सही! 'पुरानी नींव पर नया महल तभी टिकता है, जब नींव को दुरुस्त किया जाए।'

अर्जुन खुश होकर बोला, पापा, मैं भी अपनी गलती से सीखूँगा और दूसरों को भी सिखाऊँगा!

दादी ने दूर से सुनते हुए दुआ दी, सदा खुश रहो, बेटा। तुम्हारे विचारों में ही हमारा भविष्य है।

पीपल के पत्तों ने ज़ोर से सरसराना शुरू किया, मानो कुदरत भी इस नन्हे बीज के सपनों पर आशीर्वाद बरसा रही हो।

राघव ने चुपचाप मन ही मन संकल्प लिया – जो संस्कार समय के साथ नहीं निखरते, वे भविष्य का बोझ बनते हैं। मैं अर्जुन को नयी सोच, नयी दिशा दूँगा। यही मेरी असली विरासत होगी।

चाँदनी धीरे-धीरे धरती पर उतर रही थी, और उस पीपल की छाया में एक नयी पीढ़ी, एक नयी सोच चुपचाप आकार ले रही थी।

अच्छे संस्कार और सही सोच ही सच्ची विरासत हैं, जिन्हें समय के साथ सँवारना और संजोना ज़रूरी है।

# गुलाबी गुलाबों को लग गई सर्दी



डॉ.मंजरी शुक्ला

ख़ुशी एक बहुत प्यारी छोटी लड़की थी। उसे अपने बगीचे के फूल बहुत पसंद थे, खासकर गुलाबी गुलाब। एक सुबह जब तेज़ बारिश हो रही थी, वह खिड़की से अपने गुलाबी गुलाबों को देख रही थी। उसने एक पल सोचा और फिर ज़ोर से अपने छोटे भाई से बोली – ओह! मेरे प्यारे गुलाबों को सर्दी लग जाएगी।

छोटा मनु भी उसके पास आया और खिड़की से बाहर झाँकने लगा।

वह बोला – बेचारा गुलाब! ठंड से काँप रहा है।

क्या उसे सच में सर्दी लग जाएगी? – ख़ुशी ने चिंतित होकर पूछा।



अब क्या करें? – ख़ुशी ने बिना रुके कहा और अपनी गहरी नीली आँखों को चारों ओर घुमाने लगी।

मनु ने थोड़ी देर सोचा और फिर हँस पड़ा।

उसने धीरे से कुछ ख़ुशी के कान में कहा।

ख़ुशी की आँखें हीरों की तरह चमकने लगीं और दोनों खुशी से कूद पड़े।

ख़ुशी ने तुरंत अपनी लकड़ी की अलमारी खोली और नीली बोतल निकाली। उसमें सफेद बाम था, जिसे उसकी माँ उसे तब लगाती थी जब उसे सर्दी लगती थी।

ख़ुशी ने मनु का हाथ कसकर पकड़ा और दोनों बगीचे की ओर भागे।

तेज़ बारिश के बावजूद, उन्होंने छाता या रेनकोट नहीं लिया।

जब वे गुलाब के पौधे के पास पहुँचे, ख़ुशी ने बोतल खोली और अपनी उंगली पर थोड़ा बाम निकाला। उन्होंने हर गुलाब की पंखुड़ी पर ध्यान से बाम लगाया, बिना बारिश की परवाह किए।

जब वे काम पूरा कर चुके थे, ख़ुशी ने मनु की ओर देखा, जो मुस्कुरा रहा था और अपने चेहरे से लगातार बारिश की बूँदें पोंछ रहा था।

फिर वे दोनों घर लौट आए... लेकिन जल्द ही उन्हें बुखार हो गया।

जब उनकी माँ ने उन्हें भीगा हुआ और गर्म देखा, तो उन्होंने डॉक्टर अंकल को बुलाया।

जब डॉक्टर को पूरी बात पता चली, तो वे ज़ोर से हँस पड़े और बोले – बारिश के मौसम में अपने गुलाब की चिंता मत करो। उसे बारिश बहुत पसंद है और वह बारिश में और भी ज़्यादा मुस्कुराता है।

उनकी माँ ने कहा – लेकिन अगर तुम भीगोगे तो तुम्हें सर्दी और बुखार हो जाएगा।

मनु ने ख़ुशी की ओर देखा और कहा – ओह नहीं! अब हमें खुद पर बाम लगाना पड़ेगा।

और फिर वे सब पेट पकड़ कर हँसने लगे...

# शादियों के टूटने की वजह



नीतू गुप्ता

तान्या की शादी की उम्र हो गई। ऐसा उसके पेरेंट्स उसे कहते रहते थे। लेकिन तान्या के कानों पर जूं नहीं रेंगती थी। वो बस टालमटोल करती रहती थी। उसके पेरेंट्स उससे तंग आ चुके थे। लेकिन उस दिन जब उसकी मां ने उसे लड़के की फोटो दिखाई तो उसने कोई बहाना नहीं बनाया और न ही लड़के से मिलने से इन्कार किया। उसके पेरेंट्स खुश थे कि चलो, उनकी बेटी को समय रहते अकल आ गई कि शादी कर लेनी चाहिए।

तो तान्या उस लड़के से मिली। उससे बातचीत हुई। घर आकर पेरेंट्स को बता दिया कि उसे लड़का पसंद है लेकिन वो शादी के फंक्शनों का कोई तामझाम नहीं चाहती। शादी बिल्कुल सादा ढंग से होनी चाहिए। उसके पेरेंट्स ने लड़के वालों से बात की। पहले तो वो नहीं माने लेकिन उनके बेटे को तान्या पहली नजर में ही पसंद आ गई थी और बेटे ने भी तान्या की हां में हां मिलाई तो उनको लगा कि चलो ठीक है, कल इनके बच्चा होगा तो तब बड़ा फंक्शन कर लेंगे।

तान्या की शादी हो गई। लेकिन दो महीने बाद ही वो ससुराल छोड़कर घर आ गई। शायद आपको लग रहा होगा कि तान्या शादी नहीं करना चाहती थी इसलिए वो ससुराल में सामंजस्य नहीं बिठा पाई और लड़-झगड़कर वहां से वापस मायके आ गई। नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं था। बल्कि ये उसके पेरेंट्स की गलती थी क्योंकि उन्होंने केवल इस बात पर जोर दिया कि बस किसी भी तरह बेटी की शादी हो जाए।

किसके साथ शादी करने जा रहे हैं, वो लड़का कैसा है, उसका घर-परिवार कैसा है, ये पता लगाना भी उन्होंने जरूरी नहीं समझा। शादी के एक महीने बाद ही तान्या को पता चल गया था कि उसके पति का अपनी बॉस के साथ अफेयर है। वो किसी तरह शादी को निभाने की कोशिश करती रही लेकिन जब पति ने उसमें कोई दिलचस्पी ही नहीं दिखाई तो वो हार मानकर वापस मायके चली आई।

अब उसके पेरेंट्स फिर से चिंताग्रस्त हैं। उनकी नवविवाहिता बेटी मायके आकर बैठी है, उसका क्या होगा, इस बात की चिंता उन्हें खाए जा रही है।

### सोचसमझ कर पक्का करें रिश्ता

डिटेक्टिव गुरू के नाम से मशहूर प्राइवेट डिटेक्टिव राहुल राय गुप्ता का कहना है कि लोग अपने बच्चों की शादी करने से पहले सामने वाले पक्ष की तहकीकात करने को जरूरी नहीं समझते। आज जमाना बहुत बदल चुका है, किसी पर भरोसा करना बहुत मुश्किल है। लेकिन फिर भी लोग इतनी सी बात नहीं समझ पाते हैं कि शादी के बाद अगर कोई गड़बड़ निकली तो पता नहीं कितना कुछ भुगतना पड़ेगा। मैं हमेशा कहता हूं कि शादी से पहले जांच बेहद जरूरी है। शादी से पहले नहीं, बल्कि रिश्ता पक्का करने से पहले दूसरे पक्ष के बारे में सबकुछ मालूम कर लेना चाहिए ताकि भविष्य में कोई परेशानी न हो।

डिटेक्टिव गुरू के मुताबिक, गलत रिश्ता होने पर लोग अकसर किस्मत को दोष देने लगते हैं जोकि बिल्कुल गलत है। जबकि दोष आपकी किस्मत का नहीं, बल्कि आपके एक्शन न लेने का है क्योंकि शादी से पहले आपने ये जानने की कोशिश ही नहीं कि वो रिश्ता आपके बच्चे के अनुकूल है भी या नहीं। उस रिश्ते में कहीं कोई ऐसी बात तो नहीं है, जिससे आपके बच्चे की आने वाली ज़िंदगी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आजकल जितनी भी शादियां टूटती हैं, उनमें से 99 प्रतिशत शादियों के टूटने की वजह एक ही होती है – और वो है शादी से पहले जांच न करना। वो लोग वैसे ही हैं, जैसे थे लेकिन बस आप पहचान नहीं पाए। शादी से पहले अकसर लोगों को बहुत सारे संकेत मिलते हैं कि ये रिश्ता आपके बच्चे के लिए ठीक नहीं है लेकिन लोगों को बस किसी न किसी तरह शादी करनी होती है। लोग उन संकेतों को गंभीरता से नहीं लेते, जिसके बाद में गंभीर परिणाम निकलते हैं।

ये बात तो बिल्कुल सही है कि हमारे समाज में लोग शादी को निपटाते हैं। दूसरा पक्ष चाहे कितना भी तंग क्यों न कर रहा हो, कितनी भी असहमतियां क्यों न हों, लोगों के दिमाग में एक ही बात होती है कि बस किसी तरह शादी निपट जाए। कितनी बार आपने भी लोगों को कहते सुना होगा कि बस हम तो चाहते हैं कि सुख-शांति से शादी हो जाए। ऐसे में बाद में नतीजे तो आएंगे ही और उन्हें भुगतना भी आपको ही पड़ेगा इसलिए जरूरी है कि शादी से पहले हर तरीके से दूसरे पक्ष की जांच-पड़ताल कर लें ताकि बाद में पछताना न पड़े।

# बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार कीजिए

नरेंद्र देवांगन



भले ही आप अपने बच्चों पर हाथ नहीं उठातीं लेकिन आप एक कठोर मां हैं। याद रखिए, बच्चों के साथ किया गया आपका सख्त व्यवहार उन्हें जो नुकसान पहुंचाता है, उसकी भरपाई कभी नहीं हो पाती। सोशल साइंस एंड मेडिसन में छपे एक नए शोध के मुताबिक, ऐसी स्थिति में किसी एक पेरेंट का अच्छा व्यवहार भी बच्चों को हुए नुकसान को पूरा नहीं कर पाता।

12 से 20 साल की उम्र के बच्चों पर एक शोध किया गया जिसमें बच्चों की सेहत पर माता-पिता के व्यवहार का असर देखा गया। शोधकर्ताओं ने 451 ऐसे परिवारों में माता-पिता के व्यवहार की वीडियो टेपिंग की जिसमें घर में कोई अन्य बुजुर्ग नहीं था। सख्त व्यवहार में मारपीट, बच्चों के साथ डांट-फटकार और उनसे न बोलने को शामिल किया गया।

असल में किसी भी एक पेरेंट की डांट-फटकार का असर बच्चों के दिमाग पर होता है। खास कर अगर यह डांट-फटकार उनके बचपन और किशोरावस्था के शुरूआती चरण में हो तो बच्चे इससे बहुत ज्यादा स्ट्रेस में आ जाते हैं। इसका सीधा असर उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने लगता है। भले ही दूसरा पेरेंट बच्चों से कितना ही प्यार से बोलें, बच्चे उस स्टेऱस से निकल नहीं पाते। यहां तक कि वे पढ़ाई में भी पिछड़ने लगते हैं।

शोध के नतीजे चौंकाने वाले थे। जो माता-पिता अपने बच्चों से सख्त व्यवहार करते थे, उनका शारीरिक स्वास्थ्य कमजोर था। वे बच्चे मोटे थे। यहां तक कि जिन पेरेंट्स में एक का व्यवहार बच्चों के साथ नर्म था और एक का सख्त (जैसा कि उनका पेरेंटिग पैटर्न था), उन बच्चों पर भी प्रभाव पहले वाले बच्चों के समान ही था।

शोधकर्ता थॉमस शोफील्ड के मुताबिक, हमारे पेरेंट्स ने हमें इसी तरह से पाला है, इसलिए हम उन्हीं का मॉडल अपना रहे हैं लेकिन अब हमें स्वीकार करना होगा कि बच्चों से सख्त व्यवहार उनके लिए बहुत ही नुकसानदायक है। आखिरकार हम अपने बच्चों से बहुत प्यार करते हैं और उनके लिए सर्वश्रेष्ठ करना चाहते हैं। (उर्वशी)

# जरूरी है नाखूनों की देखभाल

सोनी मल्होत्रा



आपके हाथों का सौंदर्य आपके नाखूनों में छिपा हुआ है। आप कितनी भी खूबसूरत हों पर अगर आपके नाखून गंदे व सही आकार के नहीं हैं तो आपकी खूबसूरती अपूर्ण है। और तो और, आपके सुंदर हाथ भी भद्दे लगेंगे। अगर आपके नाखून स्वस्थ व सुंदर हैं तो हाथों की सुंदरता और अधिक बढ़ जाती है। उंगलियां लम्बी और पतली नजर आती हैं जिससे हाथों में आकर्षण उत्पन्न होता है। आइए देखें कि हम अपने नाखूनों का सौंदर्य और विकास कैसे बढ़ा सकते हैं।

▲ जिस प्रकार शरीर के स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार का महत्त्व है, उसी प्रकार हमारे नाखूनों के विकास के लिए भी प्रोटीन युक्त व संतुलित आहार आवश्यक है, इसलिए अपने भोजन में फलों, सब्जियों, पनीर, दूध आदि को शामिल करें।

▲ नाखूनों पर सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है साबुन व डिटरजेंट का। कठोर डिटरजेंट व साबुन नाखूनों को नुकसान पहुंचाते हैं इसलिए इनका प्रयोग करते वक्त रबड़ के दस्ताने अवश्य पहनें।

▲गलत ढंग से फाइलिंग करने से भी नाखूनों के किनारे कमजोर हो जाते हैं इसलिए फाइलिंग करते वक्त एक ही दिशा की ओर रगडें.व धातु की नेल फाइल का प्रयोग न करें। नाखूनों की साज सज्जा के लिए बेहतर प्रसाधनों का प्रयोग करें। नेल पॉलिश भी किसी अच्छी कम्पनी की लें।

▲ नेल पॉलिश साफ करते समय आप नेल पॉलिश रिमूवर का प्रयोग करते हैं जो आपके नाखूनों को रूखा बना देते हैं इसलिए रिमूवर का प्रयोग करने के पश्चात् विटामिन ई युक्त क्रीम से नाखूनों की मालिश करें।

▲ सप्ताह में एक बार मेनीक्योर अवश्य करें। इससे नाखूनों में फंसी मैल तो समाप्त होती ही है, नाखूनों का विकास भी होता है।

▲ नाखूनों को बहुत ज्यादा लंबा न रखें। लंबे नाखून जल्दी टूट जाते हैं और काम करने में भी असुविधा उत्पन्न करते हैं इसलिए नाखूनों को सही आकार दें ताकि आप सुविधापूर्ण सब कार्य कर सकें।

▲ नाखूनों पर नेल पॉलिश अधिक दिनों तक लगाकर न रखें। इससे नाखूनों को पर्याप्त हवा नहीं मिल पाती। इसलिए कभी-कभी नाखूनों को भी खुली हवा में सांस लेने दें।

▲ सर्दियों में त्वचा का रूखापन समाप्त करने के लिए आप जो भी क्रीम लगाते हैं वह थोड़ी-सी नाखूनों पर भी लगा कर नियमित मालिश कर लें। इससे नाखूनों में रूखापन नहीं आता और नियमित मॉलिश से नाखूनों का स्वास्थ्य व सौंदर्य भी बढ़ता है। (उर्वशी)

# दूसरों के सामने न करें पति की अवहेलना

अनिता कुशवाहा

प्रायः हम देखते हैं कि महिलाएं घर के कामकाज से निपटने के बाद पास-पड़ोस का दरवाजा खटखटाती हैं और फिर घंटों गप्पें लड़ाती रहती हैं। इस दौरान वे अपने को सभी कामों से मुक्त महसूस करती हैं, चाहे घर के काम क्यों न बाकी ही हों।

ऐसा देखा जाता है कि महिलाएं गप्पें लड़ाते समय यह भूल जाती हैं कि वो उन्हें कितना पहचानती हैं। किसी नयी पड़ोसन से भी दो-चार मुलाकात होने के बाद आपस में इतनी घुलमिल जाती हैं कि इन मुलाकातों और बातों की कोई सीमा नहीं रहती। अपने-अपने घरों के भेद एक दूसरे को बता देती हैं। वे यह नहीं सोचती कि पति-पत्नी के बीच बहुत कुछ अच्छा बुरा होता है। लड़ना-झगड़ना, बहस, नाराजगी और रूठना मनाना, कहीं पति अपनी पत्नी को मनाता है तो कहीं पत्नी अपने पति का मनुहार करती है।

कभी पत्नी बड़े घर की होती है, तो कभी पति, इसका मतलब यह नहीं कि पत्नी बाहर वालों के बीच बैठ कर पति की अवहलेना करने लगे।

पति की कुछ खाने पीने की बुरी आदतों को भी अपने आस पास मित्रों में अधिक चर्चा न करें। घर के बाहर किसी के साथ कितना भी मधुर संबंध क्यों न हो, अपने पति से प्यारा और गहरा रिश्ता नहीं हो सकता। इसलिए भारतीय नारी का एकमात्रा कर्तव्य बनता है कि वह कभी भी दूसरों के सामने अपने पति का अपमान न करें ताकि पति-पत्नी के रिश्ते का तमाशा बनाने का मौका दूसरों को न मिले। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर: खट्टा मीठा आम का अचार




गर्मी का मौसम आते ही वो लोग काफी खुश हो जाते हैं, जिन्हें आम खाना पसंद होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गर्मी के मौसम में कई प्रकार के आम बाजार में मिलते हैं। इसी मौसम में कच्चे आम भी मिलने लगते हैं, जिनसे आम पना और अचार जैसी चीजें बनाई जाती हैं। इसी मौसम में लोग आम का अचार तैयार करके उसे सालभर के लिए स्टोर करते हैं।



भारतीय घरों में आम के अचार कई वैरायटी में बनाए जाते हैं। इन्हीं में शामिल है आम का खट्टा-मीठा अचार, जिसे पराठों के साथ खाना काफी पसंद आता है। इसी के चलते हम आपको यहां आम के खट्टे मीठे अचार को बनाने की रेसिपी बताने जा रहे हैं, ताकि आप इसे सालभर के लिए बनाकर स्टोर करके रख लें।

### खट्टा मीठा आम का अचार बनाने का सामान

- कच्चे आम – 1 किलो
- शक्कर – 750 ग्राम से 1 किलो
- सौंफ – 2 बड़े चम्मच
- मेथी दाना – 1 बड़ा चम्मच
- कलौंजी – 1 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर – 2 छोटे चम्मच
- हल्दी पाउडर – 1 छोटा चम्मच
- नमक – 2 बड़े चम्मच
- सरसों का तेल – 1 कप

### विधि

आम का खट्टा-मीठा अचार बनाने के लिए सबसे पहले तो आम को धोकर उसका छिलका उतार लें। अब उसे कद्दूकस कर लें। कद्दूकस करने के बाद इसे धूप में थोड़ा सा सुखा लें।

अचार तभी अच्छा बनेगा, जब इसका पूरा पानी सूख जाएगा। जब तक ये पूरी तरह से सूख रहा है, तब तक मेथी दाना और सौंफ को हल्का भूनकर दरदरा पीस लें। यदि आप अचार में भुना हुआ मसाला डालेंगे तो इसका स्वाद कई गुना बढ़ जाएगा।

अब बारी आती है अचार को बनाने की, तो उसके लिए एक भारी तले की कड़ाही में आम, हल्दी, नमक और लाल मिर्च डालें और 5-10 मिनट पकाएं। इसके बाद अब इसमें चीनी डालें और मध्यम आंच पर पकाएं जब तक चीनी पिघलकर गाढ़ा सिरप न बन जाए।

जब आम नरम होने लगे तो गैस को बंद कर दें। गैस बंद होने के बाद इसमें भुने हुए मसाले डालें और सही तरह से मिक्स करें। मसाले मिक्स करने के बाद थोड़ा सा सरसों का तेल डालें और फिर से मिक्स करें।

अब अचार को साफ, सूखे कांच या चीनी मिट्टी के जार में भरें। आखिर में इसमें थोड़ा सा सरसों का तेल और मिक्स करें, ताकि ये सालभर खराब न हो। ये अचार पराठे के साथ खाने में काफी अच्छा और स्वादिष्ट लगता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम में पाकिस्तान का समर्थन करने के आरोप में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान का समर्थन करने के आरोप में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिससे पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर राज्य में ऐसी गिरफ्तारियों की संख्या 65 हो गई है। उन्होंने बताया कि यह गिरफ्तारी कोकराझार जिले में की गई है। ''राष्ट्र-विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई'' पर जानकारी साझा करते हुए, शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कोकराझार पुलिस ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए गोसाईगांव से जोयनल आबेदीन को गिरफ्तार किया।''

### कश्मीर में कई जगहों पर एसआईए की छापेमारी

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य अन्वेषण एजेंसी (एसआईए) ने शनिवार को कश्मीर में 11 स्थानों पर छापेमारी की और घाटी में 'स्लीपर सेल मॉड्यूल' की जांच के तहत पूछताछ के लिए कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''एसआईए, कश्मीर द्वारा स्लीपर सेल मॉड्यूल से संबंधित जांच में इस सप्ताह की शुरुआत में दक्षिण कश्मीर में की गई छापेमारी के सिलसिले में आज मध्य और उत्तरी कश्मीर में लगभग 11 स्थानों पर व्यापक छापेमारी की गई।'' अधिकारियों ने बताया कि ये छापेमारी गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी संख्या 01/2025 की जांच के सिलसिले में की गई। उन्होंने कहा कि अदालत ने इस तलाशी की अनुमति दी है, जो कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है तथा संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

### पहलगाम हमला करने वाले आतंकी नहीं पकड़ने जाने पर जनता के मन में सवाल : गहलोत

**जयपुर :** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि पहलगाम हमले के लगभग एक महीने बाद भी हमलावर आतंकी पकड़े नहीं जाने से जनता के मन में सवाल हैं। गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा, ''पहलगाम हमले को अब लगभग एक महीना होने जा रहा है परन्तु देशवासियों के मन में अब भी दो सवाल हैं।'' कांग्रेस के नेता के अनुसार पहला सवाल,''अभी तक हमला करने वाले आतंकवादी क्यों नहीं पकड़े गए? क्या संघर्षविराम की शर्तों में पाकिस्तान से आतंकियों को भारत को सौंपने की शर्त नहीं रखी गई?'' वहीं दूसरा सवाल,'' जब सरकार ने माना कि पहलगाम में चूक के कारण आतंकी हमला हुआ तो अभी तक चूक के लिए जिम्मेदार किन-किन लोगों पर क्या-क्या कार्रवाई हुई?''

### जम्मू कश्मीर: श्रीनगर में आतंकियों के 23 सहयोगियों पर पीएसए के तहत मामला दर्ज

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर में आतंकवादियों के 23 सहयोगियों और उपद्रवियों के खिलाफ कड़े सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लेकर पुंछ, उधमपुर के जिला कारागार और जम्मू की कोट भलवाल जेल में रखा गया है। उन्होंने कहा, राष्ट्र की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए नुकसानदेह और आपराधिक तत्वों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई में श्रीनगर पुलिस ने विध्वंसक गतिविधियों में शामिल प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के 23 सहयोगियों और सार्वजनिक अशांति में शामिल बदमाशों के खिलाफ पीएसए के तहत मामला दर्ज किया है। श्रीनगर पुलिस द्वारा उनके खिलाफ तैयार किए गए दस्तावेज के आधार पर श्रीनगर के जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय से औपचारिक रूप से हिरासत का आदेश मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# दुनिया भारतीय सेना की क्षमता और प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प की प्रशंसा कर रही हैं: अमित शाह



**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रशंसा करते हुए कहा कि आजादी के बाद यह पहली बार है जब भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। गांधीनगर जिले के कोलावाड़ा गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पूरी दुनिया भारतीय सेना की क्षमता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प की प्रशंसा कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने लगभग 100 आतंकवादियों को मार गिराया, आतंकवादी संगठनों के मुख्यालयों को तबाह कर दिया और 15 सैन्य प्रतिष्ठानों को भी नष्ट कर दिया, जिससे अंततः पाकिस्तान की वायु सेना की जवाबी हमला करने की क्षमता कम हो गई। शनिवार से गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की महिलाओं के सम्मान में 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया। उन्होंने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले कई वर्षों तक नियमित अंतराल पर आतंकवादी हमले होते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। गांधीनगर से लोकसभा सदस्य शाह ने कहा, ''आतंकवादी पाकिस्तान से आते थे, हमारे सैनिकों और लोगों को मारते थे और चले जाते थे। वे बम विस्फोट करते थे और भारत के खिलाफ साजिश रचते थे। लेकिन तब उन्हें कभी कोई जवाब नहीं दिया गया।'' उन्होंने कहा कि मोदी के सत्ता में आने के बाद भारत में तीन बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं- उरी, पुलवामा और पिछले महीने पहलगाम। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मुंहतोड़ जवाब दिया और पूरी दुनिया इसे आश्चर्य से देख रही है, जबकि पाकिस्तान इससे भयभीत है। शाह ने कहा, ''उन्होंने (पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों ने) अतीत में भारत के जवाब से सबक नहीं सीखा और पहलगाम में आतंकवादी हमला किया। इस बार, ऑपरेशन सिंदूर के तहत, हमने आतंकवादी संगठनों के मुख्यालयों को नष्ट कर दिया।''

## 'ऑपरेशन सिंदूर': भारतीय सेना की सराहना के लिए अलग-अलग राज्यों में निकाली गयी 'तिरंगा यात्रा'




**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर किये गये सटीक हमलों के लिए भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किये गये 'ऑपरेशन सिंदूर' में शामिल सैनिकों को सम्मान में देश के अलग-अलग राज्यों में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गयी। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान के सम्मान में निकाली गयी रैलियों का नेतृत्व किया। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में शनिवार को राज्यसभा सदस्य सिकंदर कुमार के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विशाल 'तिरंगा यात्रा' निकाली। यात्रा में शामिल होने वालों में भाजपा के दो विधायक आशीष शर्मा और इंद्र दत्त लखनपाल भी शामिल थे। यह यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए गांधी चौक पर समाप्त हुई, जहां एक रैली भी निकाली गई। हाथ में तिरंगा झंडा और बैनर लिए कार्यकर्ता भारतीय सेना के समर्थन में नारे लगा रहे थे। रैली में शामिल नेताओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सशस्त्र बलों की जीत की सराहना की और कहा कि यह तब तक जारी रहेगा जब तक सभी आतंकवादियों का खात्मा नहीं कर दिया जाता। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पूरे प्रदेश में रैलियां निकालीं। प्रदेश सरकार में मंत्री शशि पांजा ने कोलकाता के उत्तरी हिस्से में एक रैली का नेतृत्व किया, जबकि पश्चिम कोलकाता के गार्डन रीच इलाके में एक अन्य रैली में मंत्री और महापौर फिरहाद हकीम ने भाग लिया। टीएमसी के एक पदाधिकारी ने कहा कि पार्टी ने रविवार तक दो दिनों के लिए ऐसी रैलियां निकालने की योजना बनाई है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाने के लिए अहमदाबाद में 'तिरंगा यात्रा' बाइक रैली में हिस्सा लिया।

## रेल मंत्रालय ने नयी ट्रेन श्रेणियों 3ई, विस्टाडोम को उन्नयन योजना में शामिल किया

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने उन्नयन योजना में संशोधन करके 'विस्टाडोम नॉन-एसी', 'विस्टाडोम कोच', 'एग्जीक्यूटिव अनुभूति' और 'थर्ड एसी इकॉनमी' (3ई) समेत नयी शुरू की गई ट्रेन श्रेणियों को इस योजना में शामिल किया है। मंत्रालय के 13 मई के एक परिपत्र में कहा गया है कि ट्रेन में उपलब्ध सीटों का इष्टतम उपयोग करने के लिए 2006 में एक योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत यदि किसी ट्रेन में कोई सीट खाली है तो पूरा किराया देने वाले यात्रियों का बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अगली उच्च श्रेणी में उन्नयन कर दिया जाता है। उन्होंने कहा, ''फिलहाल, यह योजना सभी प्रकार की ट्रेनों में उपलब्ध है।'' मंत्रालय ने नयी ट्रेन श्रेणियों - 'विस्टाडोम नॉन-एसी' (वीएस), 'विस्टाडोम कोच' (ईवी), 'एग्जीक्यूटिव अनुभूति' (ईए) और '3ई' - को उन्नयन के दायरे के तहत लाने के लिए मौजूदा योजना की समीक्षा की है क्योंकि इन श्रेणियों को 2014 के बाद पेश किया गया था जब उन्नयन योजना में अंतिम बार संशोधन हुआ था। परिपत्र के अनुसार, निम्न श्रेणी से उच्च श्रेणी में बैठने की व्यवस्था के उन्नयन का क्रम 2एस (द्वितीय श्रेणी), वीएस, सीसी (चेयर कार), ईसी (एग्जीक्यूटिव श्रेणी), ईवी और ईए है। इसी प्रकार, शयन उन्नयन के लिए क्रम 'स्लीपर क्लास' (एसएल), 3ई, 'एसी' तृतीय श्रेणी (3ए), एसी द्वितीय श्रेणी (2ए) और एसी प्रथम श्रेणी (1ए) है।

## भारत में फिल्म बनाना चाहता हूं, बॉलीवुड फिल्में पसंद हैं: टॉम क्रूज

**नयी दिल्ली :** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज ने भारत में अपने प्रशंसकों के लिए एक संदेश दिया है - मैं आप सब से बहुत प्यार करता हूं। अभिनेता ने बॉलीवुड शैली की फिल्म बनाने की अपनी इच्छा भी जाहिर की, विशेषकर गीत और नृत्य दृश्यों वाली फिल्म। क्रूज की नवीनतम फिल्म मिशन: इम्पॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग शनिवार को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज हुई। क्रिस्टोफर मैकक्केरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म मिशन: इम्पॉसिबल श्रृंखला की आठवीं किस्त है। पैरामाउंट पिक्चर्स इंडिया द्वारा जारी एक प्रचार वीडियो में 62 वर्षीय क्रूज ने



अभिनेत्री व 'इंफ्लूएंसर' अवनीत कौर के साथ बातचीत की, जिन्होंने उनसे देश में उनके प्रशंसकों के लिए कुछ शब्द कहने को कहा। क्रूज ने हिंदी में कहा, मैं आप सब से बहुत प्यार करता हूं। उन्होंने 2011 में मिशन: इम्पॉसिबल - घोस्ट प्रोटोकॉल के प्रचार के दौरान भारत यात्रा की अपनी यादें भी साझा कीं, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर भी अतिथि भूमिका में थे। उन्होंने कहा, मुझे भारत से बहुत प्यार है। भारत एक अद्भुत देश, लोग और संस्कृति है। मुझे कहना होगा कि यह पूरा अनुभव मेरी यादों में बस गया है। हर एक पल। जब मैं यहां उतरा, ताजमहल देखने गया, और मुंबई में समय बिताया, मुझे हर पल बहुत अच्छी तरह याद है। क्रूज ने आगे कहा कि वह भारत में फिल्म बनाना चाहते हैं क्योंकि वह बॉलीवुड फिल्मों के प्रशंसक हैं।

## उत्तराखंड: केदारनाथ में आपात स्थिति में उतारी गई 'हेली एंबुलेंस', तीन लोग बाल-बाल बचे



**रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड) :** उत्तराखंड के केदारनाथ में शनिवार को एक बीमार तीर्थयात्री को लेने आई ऋषिकेश स्थित एम्स द्वारा संचालित 'संजीवनी' हेली एंबुलेंस आपात स्थिति में उतरते समय हेलीपैड से कुछ मीटर नीचे दुर्घटना का शिकार हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मौके पर मौजूद लोग उस समय हैरान रह गए जब 'हेली एंबुलेंस' का अगला हिस्सा 'हेलीपैड' की ओर झुका लेकिन थोड़ी दूर पर यह अचानक से एक सपाट सतह पर जा उतरी। 'क्रैश लैंडिंग' के बाद हेली एम्बुलेंस कुछ देर के लिए चकरी की तरह घूम गई और उसका 'टेल रोटर' टूट गया। एम्स प्रशासन ने बताया कि घटना पूर्वाह्न 11 बजे हुई। उन्होंने बताया कि विमान में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। हेलीकॉप्टर में सवार दो चिकित्सक और एक पायलट सुरक्षित हैं। प्रशासन के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि सांस लेने में तकलीफ से पीड़ित श्री देवी को चिकित्सीय मदद उपलब्ध कराने के वास्ते 'संजीवनी' हेली एम्बुलेंस केदारनाथ गई थी कि तभी उसके 'टेल रोटर' में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण पायलट को आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर को उतारना पड़ा। चौबे ने बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) इस घटना की जांच करेगा।

## हिमाचल बोर्ड के 12वीं के नतीजों में लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ा, ऊना की महक रहीं टॉपर

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (एचपीबीओएसई) की 12वीं कक्षा के शनिवार को घोषित परीक्षा परिणाम में एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ दिया और शीर्ष 10 स्थानों पर रहने वाले 75 छात्रों में 61 लड़कियां तथा 14 लड़के हैं। ऊना जिले के गगरेट में स्थित सेंट डी आर पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल की छात्रा महक सभी संकायों- कला, विज्ञान और वाणिज्य में राज्य की टॉपर बनीं। महक ने विज्ञान संकाय में 500 में से 486 अंक प्राप्त किए और उनका अंक प्रतिशत 97.2 फीसद रहा, जबकि धौलाधार पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल, शाम नगर (धर्मशाला) की छात्रा खुशी और भारती विद्यापीठ पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल, बैजनाथ की जाह्नवी ठाकुर 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। कला संकाय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की अंकिता ने 500 में से 483 अंक (96.6 प्रतिशत) प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि कांगड़ा के छतरी में स्थित न्यू एरा स्कूल ऑफ साइंसेज की छात्रा निर्दोष कुमारी और हमीरपुर जिले के जलारी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा ज्योति शर्मा क्रमशः 96 प्रतिशत और 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। वाणिज्य स्ट्रीम में कांगड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चनौर की छात्रा पायल शर्मा 96.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि ऊना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौकी मनियार की छात्रा शगुन (95.6 प्रतिशत) और अनन्या ठाकुर (95.4 प्रतिशत) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। एचपीबीओएसई के अध्यक्ष और कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान नतीजों की घोषणा की। अधिकारी ने बताया कि पिछले साल कुल 73.76 प्रतिशत छात्र पास हुए थे जबकि इस बार 83.16 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। इस साल कुल 86,373 छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 71,591 छात्र पास हुए, 5,847 की 'कंपार्टमेंट' रही और 8,581 छात्र अनुत्तीर्ण हो गए। परीक्षाएं चार मार्च से 29 मार्च तक राज्य के 2,300 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं।

## पुरी जगन्नाथ मंदिर ने श्रद्धालुओं से 'डाइनिंग टेबल' पर महाप्रसाद नहीं खाने का आग्रह किया

**पुरी :** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने शनिवार को श्रद्धालुओं से अपील की कि वे भगवान जगन्नाथ को अर्पित किए जाने वाले पवित्र प्रसाद 'महाप्रसाद' के प्रति सर्वोच्च सम्मान दिखाएं तथा 'डाइनिंग टेबल' पर इसे खाने से परहेज करें। यह अपील उन खबरों और सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों जिनमें पुरी के एक होटल में लोगों को डाइनिंग टेबल (भोजन की मेज) पर जूते पहनकर 'महाप्रसाद' खाते हुए देखा जा सकता है, के बाद की गई है। एसजेटीए ने इसे श्री मंदिर की सदियों पुरानी परंपराओं के खिलाफ करार दिया था। एसजेटीए ने कहा कि भगवान जगन्नाथ का 'महाप्रसाद' अत्यंत पवित्र है और इसे अन्न ब्रह्म माना जाता है। परंपरा के अनुसार भक्तों को कृतज्ञता के साथ फर्श पर बैठकर 'भोग' को ग्रहण करना चाहिए। प्रशासन ने इस बात पर जोर दिया कि, महाप्रसाद का अत्यधिक धार्मिक महत्व है और इसे अत्यंत श्रद्धा के साथ ग्रहण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, डाइनिंग टेबल पर इसे खाना ईश्वरीय प्रसाद के प्रति अनादर माना जाता है और इससे जुड़ी आध्यात्मिक परंपराओं के विपरीत है। अपने परामर्श में एसजेटीए ने पुरी के होटलों, रेस्तरां और भोजनालयों से ऐसी प्रथाओं को हतोत्साहित करने तथा आगंतुकों को 'महाप्रसाद' ग्रहण करने के उचित तरीके के बारे में शिक्षित करने का भी आह्वान किया।

## पाकिस्तान मानवता के लिए खतरा बन गया है: ओवैसी

**हैदराबाद :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान का आतंकवाद को प्रायोजित करने का लंबा इतिहास है और यह देश मानवता के लिए खतरा बन गया है। ओवैसी ने कहा कि सरकार द्वारा कई देशों के दौरे पर भेजे जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक के सदस्य के तौर पर यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए उनके संदेश का मूल मंत्र होगा। हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने 'पीटीआई-वीडियो' के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा लंबे समय से निर्दोष नागरिकों की हत्या के बारे में दुनिया को बताना होगा। उन्होंने कहा, ''भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का काफी दंश झेला है। हम सभी ने जिया-उल-हक के समय से लोगों का कत्लेआम देखा है।'' हालांकि, ओवैसी ने कहा कि सरकार ने अभी तक उन्हें कूटनीतिक मुहिम के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है। लोकसभा सदस्य ओवैसी ने कहा कि भारत के साथ टकराव में पाकिस्तान द्वारा खुद को इस्लामी देश के रूप में पेश करने पर उसे आड़े हाथों लेना जरूरी है।

## असम में करीब 1,500 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार




**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि पुलिस ने छापेमारी के दो अलग-अलग अभियानों के दौरान लगभग 1,500 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए हैं। शर्मा ने 'एक्स' पर शुक्रवार को कहा, ''गोलाघाट पुलिस ने तीन करोड़ रुपये मूल्य की 512.58 ग्राम हेरोइन जब्त की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।'' उन्होंने बताया कि कोकराझार पुलिस ने एक अन्य अभियान में 963.19 किलोग्राम गांजा जब्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा, ''मादक पदार्थों के खिलाफ हमारी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।''

## सरकार ने सैन्य कार्रवाई की शुरुआत में ही पाकिस्तान को सूचित किया, यह अपराध है: राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के समय ही पाकिस्तान को इस बारे में सूचित किया, जो एक अपराध है। भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए जयशंकर के बयान को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया और और कहा कि वह सतही एवं भ्रामक विमर्श के जरिए मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक बयान का एक वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट किया और दावा किया कि सरकार ने यह स्वीकार किया कि उसने हवाई हमले की शुरुआत में ही



पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि खुद विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया है। राहुल गांधी ने सवाल किया, इसे किसने अधिकृत किया? परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खोए? जयशंकर को इस वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, ऑपरेशन की शुरुआत में हमने पाकिस्तान को एक संदेश भेजा था, जिसमें कहा गया था कि हम आतंकवाद के ढांचे पर हमला कर रहे हैं और हम सेना पर हमला नहीं कर रहे हैं। इसलिए (पाकिस्तानी)सेना के पास कुछ नहीं करने और इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने का विकल्प है। उन्होंने अच्छी सलाह नहीं लेने का फैसला किया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस वीडियो का हवाला देते हुए कहा, अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा बार-बार किए जा रहे असाधारण रहस्योद्घाटन पर हमारे विदेश मंत्री कोई जवाब नहीं दे रहे हैं, उन्होंने अब खुद एक चौंकाने वाला खुलासा कर दिया है।

## समाज के बिगड़ते चरित्र के कारण आजकल लोग सत्य का साथ नहीं देते: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि समाज के बिगड़ते चरित्र के कारण आजकल लोग सच के लिए खड़े होने को तैयार नहीं हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार से पूछा कि वह 2017 के भिवंडी पार्षद हत्या मामले में मौखिक गवाही के लिए बड़ी संख्या में गवाहों पर क्यों निर्भर है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ कांग्रेस पार्षद हत्याकांड के कथित मुख्य साजिशकर्ता प्रशांत भास्कर म्हात्रे की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने राज्य के वकील को महत्वपूर्ण गवाहों की सूची प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिनकी जांच कर मामले में आरोपी को दोषी साबित किया जा सके। राज्य सरकार के वकील ने जब कहा कि उन्हें आरोपपत्र में बताए गए 200 गवाहों में से 75 गवाहों से पूछताछ करने की जरूरत है, तो पीठ ने कहा, ''समाज के बिगड़ते चरित्र के कारण आजकल लोग सच के लिए खड़े होने को तैयार नहीं हैं। आप इतने सारे गवाहों की गवाही पर क्यों भरोसा कर रहे हैं? हां, गैंगस्टरों द्वारा गवाहों पर दबाव डालने का खतरा है जो बाद में अपने बयान से पलट जाते हैं क्योंकि दुर्भाग्य से इस देश में गवाहों की सुरक्षा के लिए कोई कार्यक्रम नहीं है।'' पीठ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मामले में महत्वपूर्ण गवाहों की सूची प्रस्तुत करने के बाद वह मुकदमे को तेजी से पूरा करने के लिए समय-सीमा तय करेगी। राज्य सरकार के वकील ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय द्वारा जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 14 गवाहों की जांच की जिनमें से 10 मुकर गए।

# आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के संदेश के साथ सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कई देशों

**नयी दिल्ली :** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश लेकर सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल प्रमुख साझेदार देशों के दौरे पर जाएंगे, जिनमें से चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ दलों के नेता, जबकि तीन की अगुवाई विपक्षी दलों के नेता करेंगे। सरकार ने प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने के लिए जिन नेताओं का चयन किया है, उनमें सत्तारूढ़ दल भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और जनता दल (यूनाइटेड) के संजय झा शामिल हैं तथा विपक्षी दलों से कांग्रेस के शशि थरूर, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)



की कनिमोई, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले विपक्षी नेताओं में कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम प्रमुख है, हालांकि पार्टी ने जिन चार नेताओं की सूची सरकार को सौंपी थी उनमें थरूर का नाम नहीं है। कांग्रेस का कहना है कि उसकी तरफ से सिर्फ चार नेताओं -- आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को दिए गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शशि थरूर का नाम लिए बिना कहा, ''कांग्रेस में होने और कांग्रेस के होने में जमीन आसमान का फर्क है।'' वहीं, थरूर ने कहा कि राष्ट्र हित और उनकी सेवाओं की आवश्यकता होने पर वह पीछे नहीं रहेंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया, ''सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल हर तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने की भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को सामने रखेंगे। वे आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के देश के मजबूत संदेश को दुनिया के समक्ष लेकर जाएंगे।''

## पाकिस्तानी गोलाबारी से तबाह हुए सीमावर्ती इलाकों के लोगों ने आश्रय की मांग की

**खौर (अखनूर) :** नियंत्रण रेखा के पार से भारी गोलाबारी से तबाह हुए जम्मू जिले के खौर-पर्गवाल सेक्टर के कई सीमावर्ती गांवों के निवासी अपने घर, पशुधन और आजीविका खोने के बाद सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। मकानों के क्षतिग्रस्त होने और पशुधन के नष्ट होने के बाद, वे अब सरकार से तत्काल आश्रय- सिर पर छत और दीर्घकालिक पुनर्वास प्रदान करने का आग्रह कर रहे हैं। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किए जाने के बाद यह गोलाबारी हुई थी। जम्मू में हाल में हुई गोलाबारी और ड्रोन



हमलों में 27 लोग मारे गए और 70 से अधिक घायल हो गए। हजारों लोगों ने नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों से पलायन कर सरकारी राहत शिविरों में शरण ली थी। सीमावर्ती गांव की रहने वाली कमला देवी अपने भाई के साथ लौटीं तो देखा कि उनका घर बर्बाद हो चुका है और उनके मवेशी मर चुके हैं। रुंधे हुए स्वर में उन्होंने कहा, ''अब हम कहां रहेंगे? हम इन जानवरों पर निर्भर थे। वे मर चुके हैं और हमारा घर भी बर्बाद हो चुका है।'' उन्होंने कहा, '' मेरे पति के मना करने के बावजूद मैं जबरदस्ती घर वापस आ गई। अब यहां कोई काम नहीं है। हमें रहने के लिए जगह दें। हम बेघर हैं।''

# आईपीएल फाइनल को स्थानांतरित करना इतना आसान नहीं: गांगुली



**कोलकाता :** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ 'बहुत अच्छे' संबंध का हवाला देते हुए शनिवार को उम्मीद जताई की ईडन गार्डन्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल की मेजबानी करेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण बीसीसीआई ने आईपीएल को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया। इसका फाइनल पहले 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था लेकिन बोर्ड ने संशोधित कार्यक्रम में तीन जून को खेले जाने वाले फाइनल के स्थल की जानकारी नहीं दी है। गांगुली से जब पूछा गया कि क्या कोलकाता मूल कार्यक्रम के अनुसार ही फाइनल मैच की मेजबानी करेगा तो बीसीसीआई और सीएबी के इस पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'हम कोशिश कर रहे हैं। क्या फाइनल को स्थानांतरित करना इतना आसान है? यह ईडन का प्लेऑफ है, और मुझे यकीन है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। मुझे उम्मीद है।' प्रशंसकों के वर्ग ने शुक्रवार को प्रतिष्ठित स्थल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि आईपीएल फाइनल कोलकाता में ही आयोजित किया जाए। गांगुली ने यहां 'ऑल इंडिया इनविटेशन इंटर-स्कूल रेगेटा' के फाइनल के दौरान कहा, 'विरोध से कोई खास मदद नहीं मिलती। बीसीसीआई का बंगाल क्रिकेट संघ के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है।' प्लेऑफ स्थलों को तय करने में देरी पर गांगुली ने कहा, 'कोलकाता नाइट राइडर्स ने इस मैदान पर अपने लीग मैच समाप्त कर लिए हैं, इसलिए ईडन पहली सूची में नहीं है।' ईडन गार्डन को 2024 सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिताब जीतने के कारण इस सत्र के फाइनल के मेजबानी का अधिकार मिला था। इस स्थल ने मौजूदा सत्र के उद्घाटन मैच की भी मेजबानी की थी। आईपीएल के मूल कार्यक्रम के अनुसार ईडन गार्डन्स को 23 मई को क्वालीफायर दो और 25 मई को फाइनल की मेजबानी करनी थी। बीसीसीआई ने हालांकि फाइनल के लिए नए स्थल के बारे में चुप्पी साध रखी है, जिससे अटकलों को और बल मिला है।

## नीरज की नजरें अब 90 मीटर से अधिक भाला फेंकने पर

**दोहा :** राहत और खुशी के साथ-साथ थोड़ी निराशा भी महसूस कर रहे भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि अब जबकि वह 90 मीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं तो वह और आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे क्योंकि उनका शरीर अब उन चोट से लगभग मुक्त हो गया है जो पिछले कुछ वर्षों से उन्हें परेशान कर रहीं थी। दोहरे ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्षीय नीरज ने तीसरे प्रयास में भाले को 90.23 मीटर तक पहुंचाया और 90 मीटर या इससे अधिक करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए जिसकी अगुआई उनके वर्तमान कोच चेक गणराज्य के जान जेलेजनी कर रहे हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे एशियाई और कुल मिलाकर 25वें खिलाड़ी बने।

## बारिश के कारण आरसीबी और केकेआर आईपीएल मैच रद्द

**बेंगलुरु :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच लगातार बारिश के कारण रद्द हो गया जिससे दोनों टीमों को एक एक अंक मिले। आरसीबी इस तरह आईपीएल प्लेऑफ के एक कदम और करीब पहुंच गई है जबकि केकेआर दौड़ से बाहर हो गई है। शाम छह बजे के आसपास शुरू हुई बारिश बंद नहीं हुई जिससे टॉस भी नहीं हो सका और अधिकारियों ने आखिरकार रात 10.24 बजे खेल रद्द करने का फैसला किया। आरसीबी के अब 12 मैच में 17 अंक हैं और बचे हुए दो मैच में से एक में जीत उनके लिए प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए काफी होगी। फिलहाल वे गुजरात टाइटन्स (16 अंक) से आगे तालिका में शीर्ष पर हैं। आरसीबी 23 मई को अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसके बाद 27 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच होगा। नाइट राइडर्स का खराब प्रदर्शन इस आईपीएल सत्र में बारिश के साथ ही खत्म हो गया।

## हमारे लिए, वह हमेशा 'चीकू' ही रहेगा, इशांत ने कोहली के साथ दोस्ती पर कहा



**नयी दिल्ली :** भारत के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने विराट कोहली के साथ दिल्ली क्रिकेट में उनके शुरुआती दिनों की दोस्ती के बारे में बात करते हुए शनिवार को कहा कि यह स्टार उन लोगों के लिए हमेशा 'चीकू' ही रहेगा जो उनके साथ बड़े हुए हैं। अंडर-17 से लेकर सीनियर भारतीय टीम तक कोहली के साथ खेलने वाले इशांत ने कहा कि पूर्व कप्तान की सार्वजनिक 'सुपर स्टार' की छवि उस व्यक्ति से अलग है जिसे वह बचपन से जानते हैं। इशांत ने 105 टेस्ट मैच, 80 वनडे और 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 434 विकेट लिए हैं, उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ गुजरात टाइटन्स के मैच की पूर्व संध्या पर 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' में कहा, 'मुझे लगता है कि विराट कोहली (स्टार) बाहर के लोगों के लिए हैं। मैं उन्हें उस तरह नहीं देख सकता क्योंकि हम अंडर-17 में खेले हैं। वह मेरा बचपन का दोस्त है।' इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने अंडर-19 टीम के दिनों को याद किया जिसमें उन्होंने कमरे साझा किए, भोजन का बजट बनाया और यात्रा भत्ते बचाए। इशांत ने कहा, 'जब हम अंडर-19 में थे तो हम गिनते थे कि हमारे पास कितना पैसा है। हम खाना खाते थे। जब हम अंडर-19 में जाते थे तो हम अपना यात्रा भत्ता बचाकर अपने साथ ले जाते थे। इसलिए विराट कोहली हर किसी के लिए अलग हैं। वह मेरे लिए अलग हैं।' इशांत ने कहा कि कोहली के स्टारडम के बावजूद उनका रिश्ता भाई जैसा बना रहा। उन्होंने कहा, 'जरा सोचिए, आपका भाई इतनी ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। हर कोई सोच रहा है कि वह महान है। लेकिन आप देखेंगे कि आखिरकार वह एक इंसान है। आपने उसके साथ बहुत समय बिताया है। आप उसे अंदर और बाहर से जानते हैं।

## बांग्लादेश के खिलाफ सैफ अंडर-19 खिताबी मुकाबले में भारत जीत का मजबूत दावेदार

**यूपिया (अरुणाचल प्रदेश) :** भारतीय टीम सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल में रविवार को यहां चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश टूर्नामेंट में अब तक के दबदबे वाले अजेय क्रम को जारी रखने की होगी। ग्रुप चरण में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद भारत जीत का प्रबल दावेदार है। टीम ने ग्रुप चरण में श्रीलंका को 8-0 और नेपाल को 4-0 से धूल चटाने के बाद सेमीफाइनल में मालदीव को 3-0 से रौंदा। बांग्लादेश भी अब तक अजेय है। उसने मालदीव के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस टीम ने भूटान को 3-0 से हराने के बाद अंतिम चार में नेपाल की चुनौती को 2-1 से खत्म किया। मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस की देखरेख में अगर भारतीय टीम रविवार को चैंपियन बनती है तो यह इस आयु वर्ग में उसका 10वां खिताब होगा। भारत ने अंडर-15, अंडर-16 और अंडर-17 टूर्नामेंट दो-दो बार जीते हैं, जबकि अंडर 18, अंडर 19 और अंडर 20 टूर्नामेंट एक-एक बार जीते हैं। फर्नांडिस के कोच रहते टीम तीन बार चैंपियन बनी है।







वर्ष 10, पूर्णांक 4239 अंक 049, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in